

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 25 अप्रैल 2023 ■ वैशाख शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-027 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 26 अप्रैल 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### मंत्री लखमा बने कर्नाटक में कांग्रेस के ऑब्जर्वर

**रायपुर,25 अप्रैल।** कर्नाटक में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने वाले है। जिसकी तैयारियां इन दिनों जोरो से चल रही है। कांग्रेस और बीजेपी के राष्ट्रीय नेता लगातार राज्य का दौरा कर रहे है। राज्य की क्षेत्रीय पार्टियां भी मतदाताओं को अपनी ओर खींचने का भरपूर प्रयास कर रही है। इसी बीच एआईसीसी ने कर्नाटक चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ के आबकारी मंत्री कवासी लखमा को ऑब्जर्वर बनाया है। मंत्री लखमा को एआईसीसी ने विधानसभा स्तर पर ऑब्जर्वर बनाया है। कर्नाटक में एक चरण में 10 मई को मतदान होंगे। राज्य की 224 विधानसभा सीटों के नतीजे 13 मई को आएंगे। कर्नाटक में 24 मई को विधानसभा का कार्यकाल खत्म हो रहा है। यहां पिछली बार मई 2018 में विधानसभा चुनाव हुए थे। कर्नाटक में 224 विधानसभा सीटें हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 104 सीटों पर जीत हासिल की थी। वहीं, कांग्रेस ने 80 और जेडी(एस) ने 37 सीटें जीती थीं ।

### बच्ची को बाथरूम में बंद कर प्रताड़ित करने वाली महिला शिक्षिका गिरफ्तार

**रायगढ़,25 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के खरसिया शासकीय स्कूल की शिक्षिका को 5 वर्षीय बालिका को बाथरूम में कैद कर प्रताड़ित करने वाली महिला शिक्षिका आशा अग्रवाल को खरसिया पुलिस ने किशोर न्याय अधिनियम में कार्रवाई कर गिरफ्तार कर लिया है। खरसिया क्षेत्र अंतर्गत करीब 5 साल की बच्ची को घंटों बाथरूम में बंद कर प्रताड़ित किए जाने वाली घटना के संज्ञान में आते ही 20 अप्रैल की रात महिला बाल विकास और खरसिया पुलिस ने पड़ोसियों की सूचना पर बालिका का महिला शिक्षिक के घर से रेस्क्यू किया था । पीड़ित बच्ची को संरक्षण की आवश्यकता पर चाइल्ड लान रायगढ़ के सुपुर्द किया गया था। बाल कल्याण समिति रायगढ़ के समक्ष बालिका को काउंसिलिंग के लिये पेश किया गया। बताया जा रहा है कि बालिका डरी हुई है, उसकी मनोस्थिति शांत होने पर काउंसिलिंग की जाएगी।

### मिट्टी में दबा मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**रायपुर,25 अप्रैल।** अभनपुर में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। शव मिट्टी में दबा हुआ मिला है जिसको देखते ही लोगो की रूह कांप उठी है। शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फ़ैल गई है। यह शव पुलिस चौकी बिरेझर क्षेत्र कोडापार में टोकरो के पास मिली है। घटना का पता चलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### आईएएस मनिंदर कौर केंद्र सरकार में अतिरिक्त सचिव इम्पैनल

**नई दिल्ली,25 अप्रैल।** मनिंदर कौर द्विवेदी भारत सरकार में एडिश्नल सेकरेट्री इम्पैनल बन



गयी है। केंद्र सरकार ने 1995, 1996, 1997 बैच के आईएएस अफसरों को एडिश्नल सिकरेट्री इम्पैनल किया है। 1995 बैच की आईएएस मनिंदर कौर द्विवेदी के अलावे अन्य 5 आईएएस अफसरों को भी एपाइंटमेंट कमेटी आफ कैबिनेट ने एडिश्नल सिकरेट्री के तौर पर इम्पैनल की मंजूरी दे दी है।



# केदारनाथ के कपाट खुले

**बाबा के दर्शन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

**नैनीताल,25 अप्रैल।** बाबा केदारनाथ धाम के कपाट मंगलवार सुबह खुल गए. मंदिर के मुख्य पुजारी जगद्गुरु रावल भीम शंकर लिंग शिवाचार्य ने सुबह 6 बजे मंदिर के कपाट खोले. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो आज करीब 8 हजार से ज्यादा श्रद्धालु बाबा के दर्शन करेंगे. कपाट खुलने की प्रक्रिया सुबह 5 से ही शुरू हो गई थी. परंपराओं के साथ बाबा केदारनाथ की मूर्ति को मंदिर पहुंचाया गया. इसके लिए मंदिर में विशेष सजावट की गई. साथ ही पट खोलने के दौरान सेना के बैंड ने भी धुन बजाई. उत्तराखंड में बर्फबारी हो रही है, लेकिन इसके बाद भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ. बड़ी संख्या में भक्त बाबा के दर्शन करने पहुंचे हैं. फिलहाल यहां का तापमान माइनस 6 डिग्री के आसपास है. इसके बाद भी सुबह 4 बजे से मंदिर के बाहर दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ देखने को मिली. बता दें कि चारधाम यात्रा शनिवार को अक्षय तृतीया से शुरू हो गई है. अगले 5 दिन में तीर्थ यात्री बद्रीनाथ, केदारनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री के दर्शन कर सकेंगे. गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट 22 अप्रैल को खुल गए थे. आज बाबा केदारनाथ मंदिर के कपाट भी खुल गए. अब 27 अप्रैल को बद्रीनाथ धाम के कपाट खोले जाएंगे. जिसके बाद भक्त भगवान बद्री विशाल के भी दर्शन कर पाएंगे.



# मुख्यमंत्री ने माना कैम्प में जल प्रदाय योजना का किया भूमिपूजन

**रायपुर, 25 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने माना कैम्प में जल प्रदाय योजना का भूमिपूजन किया है। मुख्यमंत्री ने जल प्रदाय योजना का शुभारंभ करने के उपरांत नगरवासियों को इसके लिए बधाई दी। जल प्रदाय योजना के मूर्त रूप लेने से माना नगर पंचायत के हर घर में पहुँचेगा पानी। लगभग साढ़े 44 करोड़ रुपए की लागत से 27 माह में पूरी होगी योजना। योजना के पूरे होने पर माना कैम्प के तीन हज़ार दो सौ घरों तक पहुँचेगा पीने का साफ पानी। योजना के तहत दो नये ओवर हेड टैंक बनेंगे, साथ ही लगभग 65 हज़ार मीटर पाइपलाइन भी बिछाई जाएगी। इस योजना से माना कैम्पवासियों की भू-जल स्त्रोतों पर निर्भरता ख़त्म होगी। योजना के लिए पानी की आपूर्ति नगर निगम रायपुर से होगी। माना कैम्प के नए महाविद्यालय का नाम प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी महाविद्यालय करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने जल प्रदाय योजना का शुभारंभ करने के उपरांत नगरवासियों को इसके लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि योजना के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति



सुनिश्चित होगी और विशेष रूप से हमारी बहनों को इसका लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि सभी जानते हैं कि माना कैम्प को इंदिरा जी ने ही बसाया था और उनका स्नेह यहां के लोगों को मिला। माना कैम्प के लोगों का इंदिरा गांधी जी से भावनात्मक लगाव भी है। इंदिरा जी के नाम को स्मरणीय बनाये रखने के लिए नगरवासियों की मांग पर मुख्यमंत्री ने यहां खुलने वाले नए महाविद्यालय का नाम प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी महाविद्यालय करने की घोषणा की।

# अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति चरम पर होगीः शाह

**बेंगलुरु,25 अप्रैल।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार लगातार जारी है। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह लगातार कर्नाटक में जमे हुए है। अमित शाह लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे है। इन सब के बीच बागलकोट में अमित शाह ने कांग्रेस पर बड़ा निशाना साधा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अगर कांग्रेस कर्नाटक में सत्ता में आती है, तो राज्य में भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण की राजनीति, पारिवारिक राजनीति और दंगे हमेशा चरम पर होंगे। शाह ने कहा कि यह विधानसभा चुनाव सिर्फ एक विधायक चुनने के लिए नहीं बल्कि राज्य के भविष्य को पीएम मोदी के हाथों में सौंपने के लिए है। भाजपा नेता ने कहा कि यह कर्नाटक को एक विकसित राज्य बनाने और यहां राजनीतिक स्थिरता लाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि आपकी पार्टी (कांग्रेस) में दिवालियापन है जब आप उन नेताओं के भरोसे चुनाव लड़ते हैं जो भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। उन्होंने बार-बार कहा कि ये चुनाव कर्नाटक को मोदी जी के हाथ में देने का चुनाव है। कर्नाटक को एक संपूर्ण विकसित राज्य बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि ये चुनाव राजनीतिक स्थिरता और नए कर्नाटक का चुनाव है, जो भाजपा लेकर आ सकती है।



शाह ने कहा कि एक तरफ डबल इंजन की सरकार भाजपा की है तो दूसरी तरफ रिवर्स गियर सरकार है। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनी ना तो कर्नाटक का विकास रिवर्स गियर में पड़ने वाला है। ये पीढ़ी परिवर्तन का चुनाव है और हम मोदी जी के नेतृत्व में एक बार फिर से सरकार बनाएंगे। इससे पहले उन्होंने कहा था कि कांग्रेस ने लिंगायत को लेकर क्या किया है? इन्होंने इतिहास में सिर्फ 2 लिंगायत मुख्यमंत्री बनाए जिन्हें अपमानित कर निकाल दिया। कांग्रेस को यह बोलने का अधिकार नहीं है। भाजपा ने सभी जाति को एक साथ लेकर चलने का काम किया है।

# केरल में वंदे भारत ट्रेन को मोदी ने दिखाई हरी झंडी

**तिरुवनंतपुरम,25 अप्रैल।** केरल के दो दिवसीय दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज तिरुवनंतपुरम सेंट्रल स्टेशन से तिरुवनंतपुरम और कासरगोड के बीच राज्य की पहली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद वह कोच्चि गए और मंगलवार को देश की पहली वाटर मेट्रो का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार ट्रेन 11 जिलों, तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, कोट्टायम, एर्नाकुलम, त्रिशूर, पलक्कड़, पठानमथिट्टा, मलप्पुरम, कोझिकोड, कन्नूर और कासरगोड को कवर करेगी।



अनूठी कोच्चि जल मेट्रो परियोजना कोच्चि में और उसके आसपास के लोगों के लिए सुरक्षित, सस्ती और जेब के अनुकूल यात्रा प्रदान करेगी और पर्यटन को भी बढ़ावा देगी। पहले चरण में जल मेट्रो आठ इलेक्ट्रिक-हाइब्रिड नावों के साथ दो रूटों पर रवाना होगी। हाई कोर्ट से वायपिन और व्याित्तला से कक्कनाड, हाई कोर्ट से विपिन मार्ग के लिए एकल यात्रा टिकट का किराया 20 रुपये निर्धारित किया गया है। व्यत्तिला से कक्कानाड मार्ग का किराया 30 रुपये होगा। जो लोग नियमित यात्री हैं वो लोकल बस और ट्रेन की तरह साप्ताहिक मासिक पास भी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा यात्री कोच्चि मेट्रो और वाटर मेट्रो में एक ही स्मार्ट कार्ड का इस्तेमाल कर सकते हैं। टिकट बुक करने के लिए चशष्द्धद्ब1 एप का उपयोग किया जा सकता है। पहले चरण में वाटर मेट्रो का रूट इस तरह है। कोची वाटर मेट्रो हाई कोर्ट- बाइपिन टर्मिनल और विट्टिला कवकनाड टर्मिनल के बीच शुरू हो रही है। यात्री विपिन से हाईकोर्ट टर्मिनल चक तक 20 मिनट में पहुंच जाएंगे। इसके अलावा विटीला से कक्कनाड टर्मिनल का सफर 25 मिनट में पूरा होगा। इससे लोगों को ट्रैफिक से मुक्ति मिलेगी। मंगलवार सुबह तिरुवनंतपुरम पहुंचने पर प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इसके बाद वह सेंट्रल रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हो गए। रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म 1 से वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने से पहले, उन्होंने ट्रेन के एक डिब्बे के अंदर स्कूली बच्चों के एक समूह के साथ बातचीत की।

# टंगिया से वार कर पति को उतारा मौत के घाट

**कांकेर,25 अप्रैल।** जिले के बांदे थाना क्षेत्र अंतर्गत एक पत्नी ने पति की टंगिया से मारकर हत्या कर दी है. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है. हालांकि, घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर पुलिस ने कातिल पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है. जानकारी के अनुसार, मामला कल देर शाम का है. जहां शराब पीकर पति घर आया और किसी बात को लेकर पत्नी से बहस हो गई. देखते ही देखते बहस इतनी बढ़ी की पास में रखी टंगिया से पत्नी ने शराबी पति पर हमला कर दिया. जिससे उसकी मौत हो गई. वहीं घर में बच्चे माता-पिता का झगड़े की जानकारी पड़ोसियों को दी. जिसके पड़ोसियों ने थाने जाकर घटना की जानकारी दी. पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए घटना स्थल पहुंची. आरोपी पत्नी को पुलिस हिरासत में लिया है. मृत शव का मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा दिया है.

# कांग्रेस राज में छग अपराधियों का पनाहगाह : भाजपा

**रायपुर,25 अप्रैल**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने प्रदेश सरकार से यह स्पष्ट करने की मांग की है कि उत्तर प्रदेश में मारे गए माफिया अतीक अहमद का साथी गुड्डू मुस्लिम छत्तीसगढ़ में कहां छिपा हुआ है? श्री सिंहदेव ने गुड्डू मुस्लिम के छत्तीसगढ़ में कहीं छिपे होने की खबरों के हवाले से कहा कि कांग्रेस राज में छत्तीसगढ़ अपराधियों, माफियाओं, जिहादियों का पनाहगाह बन गया है और प्रदेश सरकार ने तुष्टिकरण की सारी हदें पार कर दी है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री सिंहदेव ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू यह तत्काल स्पष्ट करें कि जब एटीएस को यह पता चल जा रहा है कि छत्तीसगढ़ में गुड्डू मुस्लिम कहीं महासमुंद या कहीं और छिपा हुआ है, तो छत्तीसगढ़ सरकार को यह कैसे पता नहीं चल रहा है? श्री सिंहदेव ने कहा कि गुड्डू मुस्लिम कितना बड़ा दुर्दांत अपराधी बमबाज है, अंडरवर्ल्ड से कनेक्शन है और खुद माफिया है, जिसका आतंकवादियों से संबंध और संपर्क है, वह गुड्डू मुस्लिम छत्तीसगढ़ में कहां छिपा हुआ है? श्री सिंहदेव ने कहा कि प्रदेश सरकार तुष्टिकरण की चरम सीमा लांघ चुकी है और इसलिए भुनेश्वर साहू जैसे नौजवानों की हत्या सरेआम मस्जिद के भीतर हो रही है, रोहिंग्या बसाए जा रहे हैं। श्री सिंहदेव ने कहा कि आज की स्थिति में कुल मिलाकर छत्तीसगढ़ अपराधियों की शरण स्थली बन गया है। श्री सिंहदेव ने कहा कि इस बात की तुरंत जांच होनी चाहिए कि दुर्दांत अपराधी गुड्डू मुस्लिम छत्तीसगढ़ में कहां छिपा है?

# भ्रष्टाचार के मामले में गृह मंत्रालय ने किया एनआईए एसपी गर्ग को निलंबित

**नई दिल्ली,25 अप्रैल।** भ्रष्टाचार के मामले में गृह मंत्रालय ने एनआईए के एसपी विशाल गर्ग को सस्पेंड कर दिया है. एनआईए की टीम ने मंगलवार को अपने ही एजेंसी के एसपी गर्ग के दफ्तर में छापेमारी भी की है. हेड क्वार्टर स्थित उनके दफ्तर को सील कर दिया गया है. एसपी गर्ग पर मणिपुर से जुड़े एक मामले में पैसे के लेन-देन का आरोप है. साथ ही, एक जांच दल का भी गठन किया गया है. एनआईए के एसपी विशाल गर्ग पर दो साल पहले हाफिज सईद से जुड़े फंडिंग के एक केस में दिल्ली के व्यापारी से दो करोड़ रुपए लेनदेन के आरोप लगे थे. इस मामले में गर्ग को एक साल तक सस्पेंड रखा गया था. हालांकि बाद में उन्हें बहाल कर एसपी ट्रेनर की जिम्मेदारी दी थी. इस मामले में गर्ग सहित दो अन्य लोगों को क्लीन चिट भी मिल चुकी है. हालांकि डीआईजी रैंक के एक अधिकारी ने मामले की जांच कर गृह मंत्रालय को रिपोर्ट भेजी थी, जिसके आधार पर सस्पेंड किया गया है. बता दें कि 2019 में दिल्ली के कारोबारी ने एनआईए एसपी गर्ग सहित तीन पर ब्लैकमेलिंग के आरोप लगाए थे. व्यापारी का यह आरोप था कि फलाह ए इंसानियत फाउंडेशन से जुड़े एक आतंकी मामले में उसका नाम नहीं लेने के लिए 2 करोड़ रुपए की रिश्वत की मांग की गई थी. पाकिस्तानी चैरिटी संस्था का संचालन हाफिज सईद करता था.

### ट्रैक्टर से टकराई बाइक, 2 की मौत

**दंतेवाड़ा,25 अप्रैल।** प्रदेश में सड़क हादसा थमने का नाम नहीं ले रहा। आए दिन किसी न किसी कारणवश सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। ऐसा ही एक ताजा मामला दंतेवाड़ा जिले आ रही है। जहां दंतेवाड़ा में सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई है। दुर्घटना तेज रफ्तार की वजह से हुई और मौके पर ही बाइक सवार दोनों युवकों की मौत हो गई।कुआकोंडा थाना क्षेत्र के बड़ेगुडरा गांव का मामला। जानकारी के मुताबिक कुआकोंडा थाना क्षेत्र के बड़ेगुडरा गांव में सुबह आठ बजे के करीब एटेपाल गांव का हूंगा करतम और जियाकोडता गांव का सुकडा मंडावी बाइक पर सवार होकर कुआकोंडा की तरफ आ रहे थे। तभी सड़क पर रिवर्स हो रहे ट्रैक्टर से बाइक टकरा गई। तेज रफ्तार की वजह से ट्रैक्टर से टकराने के बाद बाइक काफी दूर तक सड़क पर घिसटते हुए चली गई।

# अजिंक्य रहाणे को मिली टेस्ट टीम में एंट्री



**नई दिल्ली,25 अप्रैल।** आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल मैच के लिए भारतीय स्क्वॉड का ऐलान हो गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आज 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है। इसमें सबसे ज्यादा जो हैरान करने वाला सिलेक्शन है, वह है अजिंक्य रहाणे का। अजिंक्य रहाणे ने अपना आखिरी टेस्ट मैच जनवरी 2022 में खेला था, और इसके बाद से वह टेस्ट टीम से बाहर चल रहे हैं। रहाणे भारतीय टेस्ट टीम के उप-कप्तान थे, पहले उन्होंने अपना यह पद गंवाया और फिर टीम इंडिया में अपनी जगह भी गंवा बैठे। रहाणे की वापसी का रास्ता लगभग बंद होता नजर आने लगा था, लेकिन डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए उनकी वापसी ने साबित कर दिया है कि अभी वह भारतीय टीम के लिए आगे भी टेस्ट मैच खेलते नजर आएंगे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 में रहाणे को चेन्नई सुपरकिंग्स टीम के लिए खेलने का मौका मिला है और इस बल्लेबाज ने अपनी दमदार बल्लेबाजी से सबको हैरान कर दिया। इतना ही नहीं रहाणे की इस फॉर्म को तो फैन्स रहाणे 2.0 भी कह रहे हैं। रहाणे ने आईपीएल 2023 में अभी तक पांच मैच खेले हैं और इस दौरान उन्होंने 52.25 के औसत और 199.04 के स्ट्राइक रेट से 209 रन बनाए हैं। रहाणे ने दो पचासा ठोके हैं। वहीं रणजी ट्रॉफी 2022-23 में रहाणे के बल्ले से कुल 634 रन निकले थे। रहाणे ने मुंबई की ओर से 57.63 के औसत से ये रन बनाए थे और इस दौरान दो शतक और एक पचासा ठोका था। रहाणे ने टेस्ट टीम में वापसी की आस नहीं छोड़ी थी और इसके लिए दिनरात कड़ी मेहनत भी कर रहे थे।

इसके अलावा रहाणे का टीम में वापसी का एक और जो बड़ा कारण है वह भारतीय टीम का अस्थिर मिडिल ऑर्डर है। श्रेयस अय्यर सर्जरी के चलते डब्ल्यूटीसी फाइनल से बाहर हो चुके हैं, वहीं सूर्यकुमार यादव को टेस्ट टीम में आजमाया गया था, लेकिन वह प्रभावित नहीं कर पाए। इतने बड़े मैच में टीम इंडिया को मिडिल ऑर्डर में अनुभव की जरूरत होगी और इसी वजह से रहाणे की टीम में वापसी हुई।

## संपादकीय

# डर कम होना जरूरी होता है

आंकड़ों के जरिए अपनी कमी व खामी को कोई भी सरकार हो वह छिपाने का प्रयास करती है। वह बड़े राज्यों के आंकड़ों के साथ अपने छोटे राज्य के आंकड़ों को इस तरह पेश करती है कि लगे उन राज्यों की तुलना में अपने राज्य में स्थिति ठीक है। इससे सरकार को वहम होता है कि उसने जनता को बता दिया कि राज्य में दूसरे राज्यों की तुलना में अपराध कम हुए हैं तो जनता आंक मूंदकर मान लेगी कि हां यह सरकार अच्छी है, इस सरकार में अपराध कम हुए हैं तो इसका मतलब है कि राज्य में वाकई में अपराध कम हुए हैं । सरकार व पुलिस विभाग के अधिकारी यह भूल जाते हैं कि किसी भी राज्य में अपराध कम होने से कुछ नहीं होता है। जनता इसका मतलब यह निकाल सकती है अपराध तो पिछली सरकार में भी होते थे, इस सरकार में भी हो रहे हैं, कुछ कम हो गए तो सरकार अच्छी नहीं हो जाती है। पुलिस विभाग आंकड़े जारी कर बताए तो समझा जा सकता है कि पुलिस विभाग अपनी कमी खामी को छिपा रहा है। पुलिस विभाग के अधिकारियों को कौन बताए कि राज्य या जिले में अपराध कम होने से जनता राहत महसूल नहीं करती है, जनता राहत तब महसूस करती है जब उसे रात को घर से लौटते वक्त पैसे मोबाइल लुट जाने का डर न हो। जनता तब राहत महसूस करती है जब उसे कहीं भी,किसी भी व्यक्ति द्वारा चाकू मार देने का डर न हो। जनता तब राहत महसूस करती है जब जनता अपना घर छोड़कर कहीं जाए और घर में चोरी न हो। जनता तब राहत महसूल करती है कि जब वह रास्त पर चले और शराबियों की बदतमीजी का सामना न करना पड़े। पुलिस को समझने की जरूरत है कि अपराध कम होने से कुछ नहीं होता है, जनता में अपराधियों का डर नहीं होना चाहिए। जनता को यकीन होना चाहिए कि पुलिस उसकी रक्षा कर सकती है।हाल ही में एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार छग पुलिस के अफसरों ने दावा किया है कि छत्तीसग़ में यूपी,बिहार, मप्र,कर्नाटक, महाराष्ट्र की तुलना में अपराध कम हुए हैं। यहां पुलिस अफसर अपराध कम होने की वजह सख्त पुलिसिंग को बता रहे है। पुलिस अफसर अभी समझते हैं कि वह जो कहेंगे जनता उस पर यकीन कर लेगी। जनता के पास सही जानकारी पाने के और भी तरीके हैं जिससे वह जान जाती है कि राज्य सरकार व पुलिस विभाग हकीकत को वैसा नही बताता है जैसा वह होता है, वह यह बताने की कोशिश करते हैं कि दूसरे राज्यों की तुलना में छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर है। आंकड़ों से बिलकुल ऐसा लग सकता है लेकिन हकीकत यह है कि छत्तीसगढ़ छोटा सा राज्य है तीन करोड़ की आबादी है। उसकी तुलना अगर यूपी से की जाएगी तो यूपी बड़ा राज्य है, वहां की आबादी छत्तीसगढ़ की तुलना में आठ गुना ज्याद है यानी 23 से 24 करोड़ है। स्वाभाविक है कि वहां छत्तीसगढ़ की तुलना में सारे अपराध ज्यााद होंगे ही। अगर छत्तीसगढ़ें एक हत्या होती है और यूपी में आठ हत्याएं होती हैं तो इसका मतलब यह नहीं होता कि यूपी में हत्या ज्यादा हो रही है. छत्तीसगढ़ में कम हो रही है। आबादी के हिसाब के देखा जाए तो यूपी की आठ हत्या छत्तीसगढ़ की एक हत्या के बराबर है। पुलिस अफसरों के इस दावे को तो कोई छत्तीसगढ़ में स्वीकार करेगा कि छत्तीसगढ़ में सख्त पुलिसिंग के कारण अपराध कम हुए है या कम होते हैं। चार साल हो गए राजधानी रायुपुर में पुलिस चाकूबाजी रोक नहीं पाई है। वह अच्छी पुलिसिंग का दावा कैसे कर सकती है। यहां के लोगों को तो सख्त पुलिसिंग के दावे पर हंसी आती है। क्योंकि कोई दिन ऐसा नहीं जाता जब कहां चाकूबाजी न हो, मोबाईल पैसे की लूट न हो, वाहन चौरी न हो। घरों में चोरी न हो। कोई दिन ऐसा नहीं होता है जब लोगों को घर से निकलते वक्त डर न लगता हो। रात को नौकरी कर घर लौटते वक्त हर आमदी को डर लगा रहता है कि कही कोई उसे लूट न ले। सख्त पुलिसिंग होती तो ऐसा नहीं होता, लोग सुरक्षिद महसूल करते।

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**-आज आपके पास पर्याप्त समय होने पर भी व्यस्त ही रहेंगे। योगा, प्राणायाम अवश्य करें। आर्थिक तौर पर सुधार के चलते आप आसानी से काफ़ी वक़्त से लंबित बिल और उधार चुका सकेंगे। ऐसा दिन है जब काम का दबाव कम रहेगा और आप परिवार के साथ समय बिताने का मज़ा ले पाएंगे।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)**-आप आज खुद को रोज़ाना की अपेक्षा कम ऊर्जावान महसूस करेंगे। स्वयं को ज़रूरत से ज़्यादा काम के नीचे न दबाएं, थोड़ा आराम करें। अगर आप लम्बे वक़्त के लिए निवेश करें, तो अच्छा-ख़ासा फ़ायदा हासिल कर सकते हैं। अपने दोस्तों को अपने उदार स्वभाव का ग़लत फ़ायदा न उठाने दें।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**-आप भावनात्मक तौर पर बहुत संवेदनशील हैं, इसलिए ऐसे हालात से बचें जो आपको चोट पहुँचा सकते हों। आपके द्वारा धन को बचाने के प्रयास आज असफल हो सकते हैं हालांकि आपको इससे घबराने की जरुरत नहीं है स्थिति जल्द ही सुधरेगी।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**-घर की जरुरतों को देखते हुए आज आप अपने जीवनसाथी के साथ कोई कीमती सामान खरीद सकते हैं जिससे आर्थिक हालात थोड़े तंग हो सकते हैं। परिवार के साथ सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता काफ़ी मानसिक दबाव पैदा कर सकती है। आपमें बहुत-कुछ हासिल करने की क्षमता है- इसलिए अपने रास्ते में आने वाले सभी मौक़ों को झट-से दबोच लें।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**-अपने शरीर की थकान मिटाने और ऊर्जा-स्तर को बढ़ाने के लिए आपको पूरे आराम की ज़रूरत है, नहीं तो शरीर की थकावट आपके मन में निराशावादिता को जन्म दे सकती है। ज़रूरत से ज़्यादा ख़र्च करने और चालाकी-भरी आर्थिक योजनाओं से बचें। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। परिवार के साथ समय बिताने का समय है।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**-आज आपका दिन मनोनुकूल रहेगा । शारीरक लाभ मिलेगा। अनुभवी लोगों से जुड़कर जानने की कोशिश करें कि उनका क्या कहना है। अगर कहीं बाहर जाने की योजना है तो वह आख़िरी वक़्त पर टल सकती है। दोस्त या सहकर्मी का स्वार्थी बर्ताव आपका कुछ नहीं बिगाड़ सकेगा। आकस्मिक मुनाफ़े या सट्टेबाज़ी के ज़रिए आर्थिक हालात सुदृढ़ होंगे।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**-आज का दिन फ़ायदेमंद साबित होगा, क्योंकि ऐसा लगता है कि चीज़ें आपके पक्ष में जाएंगी और आप हर काम में अव्वल रहेंगे। धार्मिक रूचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के साथ मधुर सम्बंध बनाए रखें लक्ष्मी वास होगा। आर्थिक तौर पर बेहतरी के चलते आपके लिए ज़रूरी चीज़ें ख़रीदना आसान होगा। दिन को ख़ास बनाने के लिए शाम को परिवार के साथ समय बिताएं और घर का खाना ही खाएं ।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**-आज आपका ऊर्जा से भरपूर, ज़िंदादिल और गर्मजोशी से भरा व्यवहार आपके आस-पास के लोगों को खुश कर देगा। आज आप दूसरे दिनों की तुलना में अपने लक्ष्यों को कुछ ज़्यादा ही ऊँचा तय कर सकते हैं। अगर परिणाम आपकी उम्मीद के मुताबिक़ न आए, तो निराश न हों।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**-मौज-मस्ती और मनपसंद काम करने का दिन है। जो लोग शादीशुदा हैं उन्हें आज अपने बच्चों की पढ़ाई पर अच्छा खासा धन खर्च करना पड़ सकता है। मित्र मण्डली का सकारात्मक सहयोग रहेगा। ऐसे कई लोग होंगे, जो आपका उत्साह बढ़ाएंगे। आप आज प्यार की मनोदशा में होंगे- और आपके लिए काफ़ी मौक़े भी होंगे।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**-आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहेगा। अगर आप यात्रा पर जाने वाले हैं तो अपने कीमती सामान का ध्यान रखें। खुद के लिए समय निकालें। बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान लगाने और भविष्य के लिए योजना बनाने की ज़रूरत है। लंबित व्यावसायिक योजनाएं शुरू होंगी।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**-आज आपको लाभ मिलेगा, क्योंकि निकट के सदस्य आपके सकारात्मक रुख़ से प्रभावित होंगे और उसे सराहेंगे। नई चीज़ों को सीखने की आपकी ललक क़ाबिल-ए-तारीफ़ है। आज समय की नज़ाकत को देखते हुए आप अपने लिए समय निकाल सकते हैं लेकिन ऑफिस के किसी काम के अचानक आ जाने के कारण आप ऐसा करने में समय कम दे पाएंगे।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**-अपनी शारीरिक चुस्ती-फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं। इस राशि के बड़े कारोबारियों को आज के दिन बहुत सोच समझकर पैसा निवेश करने की जरुरत है। ऐसे कामों में सहभागिता करने के लिए अच्छा समय है, जिसमें युवा लोग जुड़े हों। अपनी कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए नयी तकनीकों का सहारा लें।

# कौशल्या के राम से है छत्तीसगढ़ का गहरा नाता

**विशेष लेख**

**डॉ. ओम डहरिया**

भगवान श्री राम के ननिहाल और माता कौशल्या की नगरी चंदखुरी में आस्था और भक्ति से सराबोर नारी स्वावलंबन के उद्देश्य से माता कौशल्या महोत्सव का आगाज होने जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल 22 अप्रैल को महोत्सव का शुभारंभ करेंगे।

गौरतलब है कि अयोध्या की रानी एवं छत्तीसगढ़ की अस्मिता के प्रतीक माता कौशल्या के पुत्र भगवान श्री राम का भांजा के रूप में गहरा नाता है। इसका जीता-जागता उदाहरण है, छत्तीसगढ़ में सभी जाति समुदाय के लोग बहन के पुत्र को भगवान के प्रतिरूप अर्थात भांजा मानकर उनका चरण पखारते हैं। मोक्ष की प्राप्ति के लिए प्रभु श्रीराम से कामना करते हैं। यह और भी प्रबल तब होता है, जब गांव-शहर-कस्बा कहीं भी हो कोई भी जाति अथवा समुदाय के हो मामा-भांजा के बीच के रिश्ते को पूरी आत्मीयता के साथ निभाया जाता है। मामा के साथ किसी भांजे का यह रिश्ता कई बार माता-पिता के लिए पुत्र से भी ज्यादा घनिष्ठ स्वरूप में दिखाई पड़ता है। त्रेतायुग में जब छत्तीसगढ़ का प्राचीन नाम कोसल व दण्डकारण्य के नाम से विख्यात था, तब कोसल नरेश भानुमंत थे। वाल्मिकी रामायण के अनुसार अयोध्यापति युवराज दशरथ के राज्याभिषेक के अवसर पर कोसल नरेश भानुमंत को भी अयोध्या आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर कोसल नरेश की पुत्री एवं राजकन्या भानुमति भी अयोघ्या गई हुई थी। युवराज दशरथ कोसल राजकन्या भानुमति के सुंदर और सौम्य रूप को देखकर मोहित हो गए और कोसल नरेश महाराज भानुमंत से विवाह का प्रस्वाव रखा। युवराज दशरथ और कोसल की राजकन्या भानुमति का वैवाहिक संबंध हुआ। शादी के बाद कोसल क्षेत्र की राजकुमारी होने की वजह से भानुमति को कौशल्या कहा जाने लगा। अयोध्या की रानी इसी कौशल्या की कोख से मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम का जन्म हुआ। तभी ममतामयी माता कौशल्या को तत्कालीन कोसल राज्य के लोग बहन मानकर अपने बहन के पुत्र भगवान श्री राम को प्रतीक मानकर भांजा मानते है और उनका पैर छूकर आशीर्वाद लेते है।

कालांतर छत्तीसगढ में स्मृतिशेष आठवी-नौंवी सदी में निर्मित माता कौशल्या का भव्य मंदिर राजधानी रायपुर से 27 किलोमीटर दूर आरंग विकासखण्ड के ग्राम चन्दखुरी में स्थित है। चंदखुरी भी रामायण से छत्तीसगढ़ को सीधे जोड़ता है। रामायण के बालकांड के सर्ग 13 श्लोक 26 में आरंग विकासखंड के तहत आने वाले गांव चंदखुरी का जिक्र मिलता है। माना जाता है कि चन्दखुरी सैकड़ों साल पहले चन्द्रपुरी अर्थात् देवताओं की नगरी के नाम से जानी जाती थी। समय के साथ चन्द्रपुरी, चन्द्रखुरी हो गया जो चन्द्रपुरी का अपभ्रंश है। पौराणिक दृष्टि से इस मंदिर का अवशेष सोमवंशी कालीन आठवी-नौंवी शताब्दी के माने जाते है। इसके अलावा छत्तीसगढी संस्कृति में राम का नाम रचे-बसे है। तभी तो जब एक दूसरे से मिलते समय चाहे रिश्ते-नाते हो अथवा अपरिचित राम-राम कका, राम-राम काकी, राम-राम भैइया जैसे उच्चारण से अभिवादन आम तौर पर देखने सुनने को मिल ही जाता है।

छत्तीसगढ़ के ग्राम चन्दखुरी की पावन भूमि में प्रभु श्रीराम की जननी माता कौशल्या का दुर्लभ मंदिर देश और दुनिया में एक मात्र मंदिर है। यह छत्तीसगढ़ की गौरवपूर्ण अस्मिता का प्रतीक है। प्रकृति की अनुपम छटा बिखेरते इस मंदिर के गर्भ गृह में माता कौशल्या की गोद में बालरूप में प्रभु श्रीराम जी की वात्सल्य प्रतिमा श्रद्धालुओं एवं भक्तों के मन को सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर लेती है। वहीं पूर्वी छत्तीसगढ़ के महानदी, जोंक नदी और शिवनाथ नदी के संगम स्थ्ल शिवरीनारायण क्षेत्र में रामनामी समुदाय में भगवान श्री राम के प्रति अकूत प्रेम एवं अराधना को परिलक्षित करता है। स्मरणीय तथ्य है कि छत्तीसगढ़ का प्राचीनतम नाम दक्षिण कोसल था। रामायण काल में छत्तीसगढ़ का अधिकांश भाग दण्डकारण्य क्षेत्र के अंतर्गत आता था। यह क्षेत्र उन दिनों दक्षिणापथ कहलाता था। शोधकर्ताओं द्वारा वनवास काल में प्रभु श्री राम चन्द्र जी के यहां आने का प्रमाण मिलता है। शोधकर्ताओं के शोध किताबों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभु श्रीराम ने अपने वनवास काल के 14 वर्षों में से लगभग 10 वर्ष से अधिक समय छत्तीसगढ़ में व्यतीत किया था। छत्तीसगढ़ के लोकगीतों में देवी सीता की व्यथा, दण्डकारण्य की भौगोलिकता और वनस्पतियों के वर्णन भी मिलते हैं। माना जाता है कि भगवान श्रीराम ने उत्तर भारत से छत्तीसगढ़ में प्रवेश करने और यहां के विभिन्न स्थानों पर चौमासा व्यतीत करने के बाद दक्षिण भारत में प्रवेश किया था। इसलिए छत्तीसगढ़ को दक्षिणापथ भी कहा जाता है।

भगवान श्री रामजी के इन्हीं स्मरणीय तथ्यों और आगमन को सहेजने के लिए छत्तीसगढ़ ने श्री राम के यात्रा पथ को एवं जहां-जहां भगवान श्री राम, भगवान श्री लक्ष्मण और माता सीता ने समय व्यतीत किया है, जिन-जिन स्थानों पर उन्होंने आाराम किया पूजा-अर्चना की उन यादों को सहेजकर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने चन्दखुरी स्थित माता कौशल्या मंदिर से प्रारंभ कर राम-वन-गमन-पर्यटन परिपथ के रूप में विकसित करने का बीड़ा उठाया है। इससे निश्चित ही देशवासियों की आस्था का सम्मान बढ़ेगा। यह श्री भूपेश सरकार का एक बड़ा उल्लेखनीय और ऐतिहासिक कदम हैं।

राम-वन-गमन-पथ के निर्माण से निश्चित ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति मिलेगी। वहीं राम वन गमन परिपथ को एक पर्यटन सर्किट के तौर पर विकसित किए जाने का निर्णय रोजगार मुहैया कराने की दिशा में भी एक कारगर प्रयास होगा। विभिन्न शोध प्रकाशनों के अनुसार प्रभु श्रीराम ने छत्तीसगढ़ में वनगमन के दौरान लगभग 75 स्थलों का भ्रमण किया। जिसमें से 51 स्थल ऐसे हैं, जहां श्री राम ने भ्रमण के दौरान रूककर कुछ समय बिताया था। राम वन गमन पथ में आने वाले छत्तीसगढ़ के नौ महत्वपूर्ण स्थलों सीतामढ़ी-हरचौका (कोरिया), रामगढ़ (अम्बिकापुर), शिवरीनारायण (जांजगीर-चांपा), तुरतुरिया (बलौदाबाजार), चंदखुरी (रायपुर), राजिम (गरियाबंद), सिहावा-सप्त ऋषि आश्रम (धमतरी) और जगदलपुर (बस्तर) और रामाराम (सुकमा) सहित उन इक्यांवन स्थलों को चिन्हाकिंत कर विकसित किया जा रहा है।



# स्वर्णिम भारत की शुरुआत मन की बात

**विशेष लेख**

**अशोक बजाज**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता है. दुनिया की ऐसी कोई समस्या नहीं जिसका उनके पास समाधान नहीं तथा दुनिया का ऐसा कोई विषय नहीं जिनका उन्हें ज्ञान नहीं। उन्होंने वर्ष 2014 में बड़े बदलाव के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और दृढ़ शक्ति के साथ पायदान दर पायदान आगे बढ़ रहे हैं. वे प्रयोग धर्मी भी है, नित नए प्रयोग करते रहते हैं. ऐसा ही अभिनव प्रयोग उन्होंने जनसंवाद के लिए रेडियो को माध्यम बना कर किया और संचार क्रांति के इस युग में संचार के प्राचीन माध्यम में जान फूंक दी. श्री मोदी ने लगभग 9 साल पहले 3 अक्टूबर 2014 को रेडियो के माध्यम से जनसंवाद की शुरुवात की जिसे मन की बात नाम दिया गया. प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी से प्रसारित इस कार्यक्रम के 99 एपिसोड पूरे हो चुके है तथा शतकीय एपिसोड का प्रसारण 30 अप्रेल को होगा. इस शतकीय एपिसोड लेकर पूरे देश में उत्सुकता बनी हुई है.मन की बात में प्रधानमंत्री श्री मोदी सदैव सम-सामयिक एवं जन उपयोगी विषयों पर संवाद करते हैं तथा लोगों का हौसला अफजाई करते है. इस कार्यक्रम के माध्यम से कभी वे देश के नौजवानों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं, कभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हैं, कभी विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्त होने का गुर सिखाते हैं, कभी किसानों को नई तकनीक के साथ अन्न उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हैं. अब तक के एपिसोड में वे खेती-किसानी, नारी जागरण, स्वच्छता अभियान, प्राकृतिक आपदा, जलवायु परिवर्तन एवं जल संरक्षण व संवर्धन, स्वदेशी उत्पाद , कुपोषण, सिंगल यूज प्लास्टिक, फिट इंडिया, डिज़िटल इण्डिया, ड्रग्स व अन्य मादक पदार्थों के दुष्परिणाम, नमामि गंगे, सड़क सुरक्षा, वेस्ट टू वेल्थ, अंगदान आदि अन्यान्य विषयों पर चर्चा कर चुके है. मन की बात वे इतने प्रभावी ढंग से कहते है कि उनके द्वारा कही गई बातें लोगों के दिलों को छू जाती है. यही वजह है कि स्वच्छता, कुपोषण मुक्ति एवं जल सरंक्षण जैसे अभियानों ने अब जन आंदोलन का स्वरुप ले लिया है. प्रधानमंत्री श्री मोदी के ही शब्दों में जानिए उन्होंने प्रथम एपिसोड में क्या प्रेरणा दी थी - ÷मेरे देशवासियों, सवा सौ करोड़ देशवासियों के भीतर अपार शक्ति है, अपार सामर्थ्य है। हमें अपने आपको पहचानने की जरूरत है। हमारे भीतर की ताकत को पहचानने की जरूरत है और फिर जैसा स्वामी विवेकानंदजी ने कहा था उस आत्म-सम्मान को ले करके, अपनी सही पहचान को ले करके हम चल पड़ेंगे, तो विजयी होंगे और हमारा राष्ट्र भी विजयी होगा, सफल होगा। मुझे लगता है हमारे सवा सौ करोड़ देशवासी भी सामर्थ्यवान हैं, शक्तिवान हैं और हम भी बहुत विश्वास के साथ खड़े हो सकते हैं।÷ उन्होंने आगे कहा ÷मेरे देशवासियों, जब तक हम चलने का संकल्प नहीं करते, हम खुद खड़े नहीं होते, तब रास्ता दिखाने वाले भी नहीं मिलेंगे, हमें उंगली पकड़ कर चलाने वाले नहीं मिलेंगे। चलने की शुरूआत हमें करनी पड़ेगी और मुझे विश्वास है कि सवा सौ करोड़ जरूर चलने के लिए सामर्थ्यवान है, चलते रहेंगे। ये सारा मेरा बातचीत करने का इरादा एक ही है। आओ, हम सब मिल करके अपनी भारत माता की सेवा करें। हम देश को नयी ऊंचाइयों पर ले जायें। हर कोई एक कदम चले, अगर आप एक कदम चलते हैं, देश सवा सौ करोड़ कदम आगे चला जाता है. खादी की खपत और उत्पादन बढ़ाने में मन की बात के योगदान को कोई भूल नहीं पायेगा, श्री मोदी ने खादी के महत्व पर प्रकाश क्या डाला खादी के दिन फिर लौट आये उन्होंने पहले ही एपिसोड में खादी की चर्चा करते हुए कहा था ÷आपके परिवार में अनेक प्रकार के वस्त्र होंगे, अनेक प्रकार के फैब्रिक्स होंगे, अनेक कंपनियों के प्रॉडक्ट होंगे, क्या उसमें एक खादी का नहीं हो सकता क्या ? मैं अपको खादीधारी बनने के लिए नहीं कह रहा, आप पूर्ण खादीधारी होने का व्रत करें, ये भी नहीं कह रहा। मैं सिर्फ इतना कहता हूं कि कम से कम एक चीज भले ही वह हैंडकरचीफ, भले घर में नहाने का तौलिया हो, भले हो सकता है बैडशीट हो, तकिए का कबर हो, पर्दा हो, कुछ तो भी हो, अगर परिवार में हर प्रकार के फैब्रिक्स का शौक है, हर प्रकार के कपड़ों का शौक है, तो ये नियमित होना चाहिए और ये मैं इसलिए कह रहा हूं कि अगर आप खादी का वस्त्र खरीदते हैं तो एक गरीब के घर में दीवाली का दीया जलता है.÷ उनकी इस भावनात्मक अपील का असर ये हुआ कि देखते ही देखते बाजार में खादी के कपड़ों की मांग बढ़ गई. खादी की खपत बढ़ने का जिक्र उन्होने बाद के अनेक कड़ियों में किया और बताया कि ÷उत्तर प्रदेश में वाराणसी सेवापुर में सेवापुरी का खादी आश्रम 26 साल से बंद पड़ा था, लेकिन आज पुनर्जीवित हो गया. अनेक प्रकार की प्रवर्तियों को जोड़ा गया. अनेक लोगों को रोज़गार के नये अवसर पैदा किये. कश्मीर में पम्पोर में खादी एवं ग्रामोद्योग ने बंद पड़े अपने प्रशिक्षण केंद्र को फिर से शुरू किया और कश्मीर के पास तो इस क्षेत्र में देने के लिए बहुत कुछ है.मन की बात में श्री मोदी सदैव छात्रों को परीक्षा के तनाव से मुक्ति की सलाह देते हैं उन्होंने 5 वी कड़ी में कहा था कि ÷हम हमेशा अपनी प्रगति किसी और की तुलना में ही नापने के आदी होते हैं। हमारी पूरी शक्ति प्रतिस्पर्धा में खप जाती है। जीवन के बहुत क्षेत्र होंगे, जिनमें शायद प्रतिस्पर्धा जरूरी होगी, लेकिन स्वयं के विकास के लिए तो प्रतिस्पर्धा उतनी प्रेरणा नहीं देती है, जितनी कि खुद के साथ हर दिन स्पर्धा करते रहना। खुद के साथ ही स्पर्धा कीजिये, अच्छा करने की स्पर्धा, तेज गति से करने की स्पर्धा, और ज्यादा करने की स्पर्धा, और नयी ऊंचाईयों पर पहुँचने की स्पर्धा आप खुद से कीजिये, बीते हुए कल से आज ज्यादा अच्छा हो इस पर मन लगाइए और आप देखिये ये स्पर्धा की ताकत आपको इतना संतोष देगी, इतना आनंद देगी जिसकी आप कल्पना नहीं कर सकते। हम लोग बड़े गर्व के साथ एथलीट सेरगेई बूबका का स्मरण करते हैं। इस एथलीट ने पैंतीस बार खुद का ही रिकॉर्ड तोड़ा था। वह खुद ही अपने एक्ज़ाम लेता था। खुद ही अपने आप को कसौटी पर कसता था और नए संकल्पों को सिद्ध करता था। आप भी उसी लिहाज से आगे बढें तो आप देखिये आपको प्रगति के रास्ते पर कोई नहीं रोक सकता है।÷ उन्होंने कार्यक्रम के 17 वे अपिसोड में विद्यार्थियों से सवाल किया कि प्रतिस्पर्धा क्यों ? अनुस्पर्धा क्यों नहीं। हम दूसरों से स्पर्धा करने में अपना समय क्यों बर्बाद करें। हम खुद से ही स्पर्धा क्यों न करें। हम अपने ही पहले के सारे रिकॉर्ड क्यों न तोड़ें। आप देखिये, आपको आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं पायेगा और अपने ही पिछले रिकॉर्ड को जब तोड़ोगे, तब आपको खुशी के लिए, संतोष के लिए किसी और से अपेक्षा भी नहीं रहेगी। एक भीतर से संतोष प्रकट होगा।' श्री मोदी युवाओं के प्रेरणाश्रोत है, वे सदैव उन्हें विज्ञान व प्रौद्योगिकी की महत्ता को समझाते है. श्री मोदी ने मन की बात के 29 वे एपिसोड में नई पीढ़ी को नई तकनीक की ओर प्रेरित करते हुए कहा कि ÷जब नई टेक्नालाजी देखते हैं, कोई नई वैज्ञानिक सिद्धि होती है, तो हम लोगों को आनंद होता है। मानव जीवन की विकास यात्रा में जिज्ञासा ने बहुत अहम भूमिका निभाई है, और जो विशिष्ट बुद्धि प्रतिभा रखते हैं, वो जिज्ञासा को जिज्ञासा के रूप में ही रहने नहीं देते; वे उसके भीतर भी सवाल खड़े करते हैं; नई जिज्ञासायें खोजते हैं, नई जिज्ञासायें पैदा करते हैं और वही जिज्ञासा, नई खोज का कारण बन जाती है। वे तब तक चैन से बैठते नहीं, जब तक उसका उत्तर न मिले। और हज़ारों साल की मानव जीवन की विकास यात्रा का अगर हम अवलोकन करें, तो हम कह सकते हैं कि मानव जीवन की इस विकास यात्रा का कहीं पूर्ण-विराम नहीं है। पूर्ण-विराम असंभव है, ब्रह्मांड को, सृष्टि के नियमों को, मानव के मन को जानने का प्रयास निरंतर चलता रहता है। नया विज्ञान, नयी टेक्नालाजी उसी में से पैदा होती है और हर टेक्नालाजी, हर नया विज्ञान का रूप, एक नये युग को जन्म देता है। श्री मोदी ने योग और मिलेट्स की महत्ता को दुनिया भर में प्रतिपादित किया इसकी उन्हें खुशी भी है संतोष भी है. मन की बात में उन्होंने दोनों में समानता स्थापित करते हुए कहा कि ÷मेरे प्यारे देशवासियो, अगर मैं आपसे पूंछू कि योग दिवस और हमारे विभिन्न तरह के मोटे अनाजों मिलेट्स में क्या कॉमन है तो आप सोचेंगे ये भी क्या तुलना हुई ? अगर मैं कहूँ कि दोनों में काफी कुछ कॉमन है तो आप हैरान हो जाएंगे। दरअसल संयुक्त राष्ट्र ने इंटरनेशनल योगा डे और इंटरनेशनल ईयर ऑफ़ मिलेट्स दोनों का ही निर्णय भारत के प्रस्ताव के बाद लिया है। दूसरी बात ये कि योग भी स्वास्थ्य से जुड़ा है और मिलेट्स भी सेहत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। तीसरी बात और महत्वपूर्ण है दोनों ही अभियानो में जन-भागीदारी की वजह से क्रांति आ रही है। जिस तरह लोगों ने व्यापक स्तर पर सक्रिय भागीदारी करके योग और फिटनेस को अपने जीवन का हिस्सा बनाया है उसी तरह मिलेट्स को भी लोग बड़े पैमाने पर अपना रहे हैं। लोग अब मिलेट्स को अपने खानपान का हिस्सा बना रहे हैं। इस बदलाव का बहुत बड़ा प्रभाव भी दिख रहा है। इससे एक तरफ वो छोटे किसान बहुत उत्साहित हैं जो पारंपरिक रूप से मिलेट्स का उत्पादन करते थे। वो इस बात से बहुत खुश हैं कि दुनिया अब मिलेट्स का महत्व समझने लगी है। दूसरी तरफ एफपीओ और इन्टरप्रेनियर्स ने मिलेट्स को बाजार तक पहुँचाने और उसे लोगों तक उपलब्ध कराने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।÷ पीएम के मन की बात से देश में नई सोच और नई दिशा विकसित हो रही है, देश की तरुणाई सकारात्मक सोच के साथ रचनात्मक कार्यों में लग गई है जो एक बहुत बड़े सामाजिक बदलाव का सूचक है. समूचा विश्व भारत के इस बदलाव से अचंभित है.

# चीन से आगे होंगे तो आगे सोचना भी होगा

**चिंतन**

**डॉ प्रियंका सौरभ**

स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट 2023 के अनुसार, भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बनकर चीन को पीछे छोड़ चुका है। इसके अलावा, भारत में करीब 50त्न आबादी 25 वर्ष से कम उम्र की है और इसलिए पूरी तरह से महसूस करने के लिए जनसांख्यिकीय लाभांश की संभावना, युवा लोगों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और गुणवत्तापूर्ण नौकरियों में निवेश किया जाना चाहिए।जनसांख्यिकीय लाभांश आर्थिक विकास क्षमता को संदर्भित करता है जो जनसंख्या की आयु संरचना में बदलाव के परिणामस्वरूप हो सकता है, मुख्य रूप से जब कामकाजी आयु की आबादी (15 से 64) का हिस्सा आबादी के गैर-कार्य-आयु के हिस्से से बड़ा होता है। बता दें कि संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 19 अप्रैल को 142।86 करोड़ की आबादी के साथ भारत अब चीन को पीछे छोड़कर दुनिया का सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश हो गया है। चीन अब 142।57 करोड़ की जनसंख्या के साथ दूसरे नंबर है। भारत की आबादी चीन से अधिक होने की बात की है, उसी दिन से हम फूल रहे हैं। सोच रहे हैं कि आबादी के बूते हम चीन को मात दे देंगे। लेकिन सिर्फ आबादी ही सब कुछ नहीं है। हेडकाउंट और क्वालिटी वाली आबादी में अंतर होता है। चाहे भारत हो या चीन, दोनों की यात्रा लगभग साथ शुरू हुई है। भारत को स्वतंत्रता 15 अगस्त 1947 को मिली तो चीन को एक अक्टूबर 1949 को। उस समय भारत कई मायनों में चीन से बेहतर था। यहां अंग्रेजों ने रेलवे लाइन से पूरे देश को एक तरह से जोड़ दिया था। शिक्षा के भी कई मशहूर केंद्र बन गए थे। जबकि, चीन में इस तरह का कोई ठोस काम भी नहीं हुआ था। पर चीन ने स्वतंत्रता के बाद जो सबसे बेहतर काम किया वह था सामाजिक विकास का। उसने शिक्षा और स्वास्थ्य पर जोर दिया। %सबको शिक्षा और सबको स्वास्थ्य% का पक्का इंतजाम किया। सिर्फ नाम का नहीं, क्वालिटी वाला, वह भी निःशुल्क। वहां आजादी के बाद ही भूमि सुधार हुआ। सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक लागू किया गया। नौकरी की सबको गारंटी थी। इसके कई दशक बाद वहां औद्योगिक विकास की शुरुआत हुई। भारत में आजादी के बाद इन सब चीजों की सिर्फ जुबानी चर्चा हुई। कुछ राज्यों में इस दिशा में काम भी हुआ, लेकिन कागजों पर ज्यादा, धरातल पर कम। भारत में आजादी के बाद से ही औद्योगिक विकास का खाका खींचा गया जो आज तक चल रहा है। लेकिन हम चीन के मुकाबले किसी भी क्षेत्र में नहीं ठहर रहे हैं। आर्थिक अवसर पैदा करने और जनसांख्यिकीय लाभांश की क्षमता का एहसास करने के लिए किए जाने वाले उपाय जैसे रोजगार के अवसर पैदा करना देश के सामने सबसे बड़ी विकास चुनौती रोजगार सृजन है। भारत को 2030 तक 100 मिलियन और रोजगार सृजित करने की आवश्यकता है। औपचारिक रोजगार के अवसरों का सृजन किया जाना चाहिए, विशेष रूप से श्रम प्रधान क्षेत्रों और निर्यातोन्मुखी उद्योगों जैसे कपड़ा, चमड़ा, जूते, रत्न, आभूषण आदि में। शिक्षा लैंगिक अंतर को पाटने में सहायक है। भारत में लड़कियों की तुलना में लड़कों के माध्यमिक और तृतीयक विद्यालयों में नामांकित होने की संभावना अधिक है। फिलीपींस, चीन और थाईलैंड में इसका उल्टा है। इस प्रवृत्ति को भारत में उलटने की जरूरत है। कौशल विकास को देखते हुए कि भारत का कार्यबल कम उम्र में शुरू होता है, माध्यमिक शिक्षा से सार्वभौमिक कौशल और उद्यमिता में परिवर्तन पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकार ने कौशल भारत पोर्टल बनाया है और कौशल विकास के लिए संकल्प और स्ट्राइव योजनाओं की शुरुआत की है। कृषि क्षेत्र से संक्रमण हटाने के लिए भारत को कृषि पर निर्भर जनसंख्या के अपने हिस्से को कम करने की भी आवश्यकता है। कम कमाई वाले कृषि श्रम के हिस्से को खींचकर बेहतर कुशल उच्च कमाई वाले श्रम में बदलने करने की जरूरत है। अर्थव्यवस्था में महिला कार्यबल की भागीदारी 2019 तक, 20।3त्न महिलाएं काम कर रही थीं या काम की तलाश कर रही थीं, 2003-04 में यह आंकड़ा 34।1त्न था। दक्षिण कोरिया से सबक लिया जा सकता है, जहां 50त्न की महिला कार्यबल भागीदारी दर कानूनी रूप से अनिवार्य लिंग बजट और अंशकालिक काम के लिए कर प्रोत्साहन को बढ़ावा देने जैसे उपायों द्वारा निर्मित की गई है। जबकि भारत एक युवा देश है, राज्यों के बीच आबादी की उम्र बढ़ने की स्थिति और गति भिन्न होती है। दक्षिणी राज्य, जो जनसांख्यिकीय संक्रमण में उन्नत हैं, में पहले से ही वृद्ध लोगों का प्रतिशत अधिक है। हालाँकि, यह राज्यों को एक साथ काम करने के असीम अवसर भी प्रदान करता है, विशेष रूप से जनसांख्यिकीय संक्रमण पर, भारत के कार्यबल के जलाशय के रूप में उत्तर-मध्य क्षेत्र के साथ। भारत में सेवा क्षेत्र का सापेक्षिक आकार बड़ा है और रोजगार सृजन की संभावना बहुत अधिक है। उदाहरण के लिए- भारत अपने लागत लाभ के कारण स्वास्थ्य सेवाओं का निर्यात कर सकता है। इसके अलावा, जैसे-जैसे आय बढ़ती है, मनोरंजन, कला/मनोरंजन और आवास जैसे क्षेत्रों में नौकरियां तेजी से बढ़ेंगी। शासन में सुधार कर के राज्यों के बीच नीति समन्वय के लिए जनसांख्यिकीय लाभांश के लिए शासन सुधारों के लिए एक नए संघीय दृष्टिकोण को लागू करने की आवश्यकता होगी। उचित नीति कार्यान्वयन के लिए नौकरशाही लालफीताशाही को दूर करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। एक जनसांख्यिकीय लाभांश प्राप्त करने का अवसर एक परिमित खिड़की के दौरान होता है जो धीरे-धीरे कार्यशील पीढ़ी की आयु के रूप में बंद हो जाता है। केंद्र और राज्य सरकारों को उभरते हुए जनसंख्या के मुद्दों जैसे प्रवासन, वृद्धावस्था, कौशल विकास, महिला कार्यबल भागीदारी और शहरीकरण से निपटने के लिए एक साथ आना चाहिए। जनसांख्यिकीय लाभांश को पूरी तरह से समझने के लिए बच्चों, युवाओं और महिलाओं पर अधिक ध्यान देना समय की मांग है।

एक नजर

## विश्वकर्मा समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 30 अप्रैल को



अंवरी 25 अप्रैल। विश्वकर्मा झिरिया लोहार समाज का शादी योग्य युवक युवती का परिचय सम्मेलन 30 अप्रैल को कुरूद पुराना मंडी प्रांगण में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम सुबह 10 से शुरू होगा। विश्वकर्मा समाज के जिला युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मोती विश्वकर्मा ( सेमरा ) ने विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारियों से निवेदन किया है कि ज्यादा से ज्यादा युवक युवती को इस परिचय सम्मेलन में शामिल कराए ताकि सभी को इसका लाभ मिले । साथ ही प्रतिभा सम्मान भी होगा जिसमे समाज के उत्कृष्ट बच्चो को शिक्षा के क्षेत्र में , कला के क्षेत्र समाज द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस लिए समाज द्वारा जिला के सभी सामाजिक लोगो को अधिक से अधिक संख्या में अपनी गरिमामय उपस्थिति देने की अपील की।

## प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 9वी में प्रवेश परीक्षा का आयोजन 30 अप्रैल को

उत्तर बस्तर कांकेर 25 अप्रैल। प्रवेश आवासीय विद्यालय में शिक्षण सत्र 2023-24 के लिए कक्षा 9वी में प्रवेश चयन परीक्षा का आयोजन 30 अप्रैल दिन रविवार को प्रातः 11 से दोपहर 02 बजे तक किया जाएगा। कांकेर में 09 परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जिसमें पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदपुर, सेंट माईकल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदपुर, शासकीय भानुप्रताप देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय नरहरदेव, शहीद रामकुमार यादव कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लट्टीपारा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगारभाट, शासकीय हाई स्कूल कन्या आश्रम सिंगारभाट, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़पिछवाड़ी और पैराडाइज हायर सेकेंडरी स्कूल इमलीपारा कांकेर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन परीक्षा प्रवेश हेतु 3894 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 3745 विद्यार्थियों के आवेदन पात्र पाए गए हैं।

## कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 30 अप्रैल को

जगदलपुर, 25 अप्रैल। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 30 अप्रैल को प्रातः 11 से 2 बजे (03 घन्टे) तक होगा। निर्मल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर, जिला बस्तर को परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया गया हैं। निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर 1308 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होगें।

# कार्यशाला में जल की गुणवत्ता,किट के उपयोग की जानकारी दी

### बहिनियों की कार्यशाला सरपंच की अध्यक्षता एवं सामाजिक कार्यकर्ता की उपस्थिति में संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



उत्तर बस्तर कांकेर 25 अप्रैल। विकासखण्ड अंतागढ़ के ग्राम पंचायत आमाबेड़ा में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन कांकेर अंतर्गत जल बहिनियों की एक दिवसीय कार्यशाला सरपंच श्री लोकेश बघेल की अध्यक्षता एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्री किशोर मरकाम की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिला समन्वयक श्री कुमार सिंह तोप्पा एवं आईएसए प्रतिज्ञा विकास संस्थान के टीम लीडर ऋषि कुमार सेन ने जल जीवन मिशन में जल गुणवत्ता के महत्व का संक्षिप्त में परिचय देते हुए कार्यशाला की जानकारी दी। एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उपखण्ड अंतागढ़ के सहायक अभियंता व्ही. के संघोरिया ने जल बहिनियों को संबोधित करते हुए कहा कि एफटीके कीट में दिए गए उपकरण एवं विधि के अनुसार जल गुणवत्ता परीक्षण करें तथा जांच उपरांत परिणाम को रजिस्ट्रार में लिखे और ऑनलाइन एंट्री करने कहा। तत्पश्चात सरपंच श्री लोकेश बघेल ने कहा कि आज गांव में अनजाने में आयरन, फ्लोराइड युक्त पानी पीते हैं, लेकिन आप सब जल गुणवत्ता परीक्षण कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने-अपने गांवों में जाकर जल गुणवत्ता परीक्षण करेंगे तो उसका लाभ गांव के लोगों को शुद्ध पेयजल के रूप में मिलेगा। जिला नोडल अधिकारी जल जीवन मिशन कांकेर नवीन कुमार साहू ने कहा कि जल जीवन मिशन तहत हर घर नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जानी हैं। इसमें जल गुणवत्ता को बनाए रखना ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। इसलिए गांव के पांच जल बहिनियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं वे जल बहिनी अपने गांव के जल स्त्रोतों का जल परीक्षण कर दूषित जल का पता लगाएंगे ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जा सके। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता किशोर मरकाम ने कहा कि जीवन में बीमारियों का जड़ दूषित जल के सेवन से होता हैं, खानपान से होता हैं। उन्होंने जल हैं तो कल हैं को रेखांकित करते हुए कहा कि हम सब जल का संचयन करें, पानी का सदुपयोग किया जाना चाहिए। इसके बाद जिला समन्वयक निशा वामन द्वारा जल जीवन मिशन में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की भूमिका, जल संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व को विस्तार से समझाया। जिला समन्वयक ज्योति शांडिल्य द्वारा जल गुणवत्ता परीक्षण की संपूर्ण जानकारी देते जल बहिनियों को ग्राम के जल स्त्रोत का जल नमूना लेकर जल गुणवत्ता परीक्षण के विभिन्न पैरामीटर पर परीक्षण करना सिखाया व अशुद्ध जल से होने हानिकारक प्रभाव एवं बीमारियों से बचने की जानकारी दी। ग्राम में जल स्त्रोत स्थल के पास जाकर जल नमूना लेकर जल बहिनियों द्वारा जल परीक्षण कर जांच किया गया एवं परिणाम को नोट किया गया। अतिथियों द्वारा जल बहिनियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। ऋषि कुमार सेन द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यशाला में शिवा रेड्डी, छत्रपाल साहू, आईएसए एनजीओ प्रतिज्ञा विकास संस्थान के प्रतिनिधि नागेश कोमरा, अमृता पददा, खिलेश्वरी कावड़े, उपखण्ड अंतागढ़ के जल नमूना संग्रहकर्ता मोनेश महावीर, हैंडपंप तकनीशियन विरेन्द्र वार्डे एवं अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# महारानी अस्पताल के हमर लैब में रोजाना 2 हजार लोगों को मिल रही है जांच सुविधा

■ हमर लैब में 120 तरह के टेस्ट सुविधाओं का मिल रहा है लाभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



जगदलपुर, 25 अप्रैल। बस्तर जिले में हमर लैब ने स्वास्थ्य सेवाओं को नई गति प्रदान की है। बस्तर वासियों को इलाज और आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी जांच के लिए जिला अस्पताल जगदलपुर के हमर लैब में जांच संबंधी उच्च स्तरीय सुविधाएं प्रदान कर रहा है। महारानी हॉस्पिटल में संचालित हमर लैब में रोजाना लगभग दो हजार मरीजों द्वारा खून व हार्मोन समेत 120 तरह जांच की निशुल्क सुविधा लाभ ले रहे हैं। शासन द्वारा संचालित इस लैब से गरीब वर्ग के लोगों पर स्वास्थ्य संबंधी जांच करवाने का आर्थिक बोझ कम हुआ है। इसके साथ ही समय पर मिल रही रिपोर्ट से इलाज में भी आसानी से हो रही है।महारानी अस्पताल के हमर लैब के इंचार्ज जीपी मंडल ने बताया कि जिला अस्पताल के हमर लैब में स्वास्थ्य संबंधी जांच सुविधाएं लोगों को मिल रही है। जिनमें हार्मोन्स, बायोकेमिस्ट्री और हृदय रोग संबंधी जांच की जाती है। इसके अलावा ब्लड ग्रुप, डायबिटीज, लिवर, किडनी, यूरिन के अलावा हेपेटाइटिस ए, बी व सी, हेमेटोलॉजी, बायो केमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, सेरोलॉजी, ट्रूप 1 सीकेएमबी टेस्ट जैसी लगभग 100 टेस्ट की सुविधा यहां मौजूद है।

### हमर लैब योजना के बारे में

हमर लैब योजना छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है जिसके जरिए प्रदेश के हर गरीब व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच सके। स्वास्थ्य संबंधी जांच बेहतर इलाज की पहली सीढ़ी होती है। इस योजना के द्वारा प्रदेश सरकार हर किसी तक महंगे डॉयग्नोस्टिक सेंटर की सुविधा हर व्यक्ति तक पहुंचाना चाहती है। यही वजह है कि सभी जिलों में हमर लैब की स्थापना की गई है। जहां जिलों के हमर लैब में 120 तरह के और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो में 50 तरह के टेस्ट की सुविधा प्रदेश सरकार नि शुल्क लोगों तक पहुंचा रही है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पूरे प्रदेश में चालू वित्तीय वर्ष में अब तक हमर लैब के द्वारा कुल 26.12 लाख जांच की गई है। जिसमें जिला अस्पतालों में 24.03 लाख और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के लैब में 2.09 लाख जांच हो चुके हैं।

समाचार संक्षेप

## कौशल प्रशिक्षण से वीरेन्द्र कुमार को मिला अहमदाबाद में रोजगार


उत्तर बस्तर कांकेर 25 अप्रैल। चारामा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम रतेसरा निवासी विरेन्द्र कुमार पिता श्री जगदीश राम तीन भाई बहनो मे सबसे छोटा बेटा है। अपनी पढ़ाई पुरी करने के बाद जगदीश घर के जरूरतों को पुरी करने के लिए मिस्त्री काम करने जाता था, जहॉ उसे 250 रूपये दैनिक मजदूरी मिलती थी। काम के दौरान दीवार पर लगे एक पोस्टर से विरेन्द्र को कौशल प्रशिक्षण और उससे होने वाले फायदे की जानकारी मिली। विरेन्द्र ने देर न करते हुए तुरंत लाईवलीहुड कॉलेज में आकर सुरक्षा गार्ड कोर्स के लिए अपना आवेदन जमा कर दिया। आवेदन जमा करने के 10 दिन के भीतर ही उसे प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया। सुरक्षा गार्ड के प्रशिक्षण में विरेन्द्र को फायर सेफ्टी, आत्मरक्षा, आपातकालीन व्यवस्था, प्राथमिक उपचार, ड्रिल, अनुशासन, ट्रैफिक नियम के साथ-साथ पर्सनालिटी डेव्हलपमेंट, स्पोकन इंग्लीश, कम्प्यूटर आदि का प्रशिक्षण दिया गया। लाइवलीहुड कॉलेज द्वारा दिये जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण के माध्यम से वीरेंद्र के बौद्धिक एवं क्षमता विकास में भी वृद्धि हुई, कॉलेज में आकर वीरेन्द्र बहुत ही उत्साहित था। कॉलेज में रहकर विरेन्द्र के जीवन शैली में काफी बदलाव आया। वह बाहरी वातावरण और आधुनिक जीवन शैली को अपनाने लगा है। कॉलेज में प्रशिक्षण पूर्ण कर परीक्षा में पास होने के बाद लाईवलीहुड कॉलेज के माध्यम से वीरेंद्र को अहमदाबाद गुजरात की एक कंपनी में 16 हजार 500 रुपये प्रतिमाह वेतन की नौकरी मिली जहां पर वह अपनी पुरी लगन व जिम्मेदारी से काम रहा है। हर महिने कमाए हुए पैसे के कुछ हिस्सो को विरेन्द्र अपने परिवार के लिए भेजता है और परिवार के खर्चो में अपना सहायोग दे रहा है। अहमदाबाद में रहकर विरेन्द्र आधुनिक जीवन शैली से जुड़ते जा रहा है और आधुनिक तकनीको का भी इस्तेमाल करने लगा है।

## बेरोजगारी भत्ता की स्वीकृति में कांकेर जिला राज्य में प्रथम

उत्तर बस्तर कांकेर 25 अप्रैल। बेरोजगारी भत्ता के लिए जिले में अब तक 03 हजार 423 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनके सत्यापन पश्चात 02 हजार 164 आवेदकों को बेरोजगारी भत्ता के लिए पात्र पाया गया है। सत्यापन दल द्वारा बेरोजगारी भत्ता के लिए अनुशंसित की गई 02 हजार 164 आवेदकों में से 01 हजार 847 आवेदकों को बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने के लिए स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। स्वीकृति के लिए कुल अनुशंसित प्रकरणो में से यह 96 प्रतिशत होता है, जो स्वीकृति के मामले में राज्य में सर्वाधिक है। बेरोजगारी भत्ता के लिए नगर पंचायत नरहरपुर से 35 आवेदन प्राप्त हुए थे, सत्यापन पश्चात 28 आवेदको को बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने लिए पात्र पाया गया है, इनमें से 25 आवेदकों को बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने की स्वीकृति दी जा चुकी है। इसी प्रकार नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में 28 आवेदन प्राप्त हुए थे, 22 आवेदकों को बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने के लिए अनुशंसा की गई है, जिनमें से 21 आवेदकों को बेरोजगारी भत्ता हेतु स्वीकृति दी जा चुकी है। नगर पालिका कांकेर अंतर्गत 68 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें में 54 आवेदकों की अनुशंसा की गई है, इनमें से 35 आवेदकों को बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने के लिए स्वीकृति मिल चुकी है। नगर पंचायत चारामा अंतर्गत 62 आवेदको द्वारा बेरोजगारी भत्ता के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था, सत्यापन पश्चात 44 आवेदकों को बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने के लिए अनुशंसित की गई है, इनमे से 33 आवेदको को स्वीकृति दिया जा चुका है। नगर पंचायत पखांजूर में 39 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 24 आवेदकों के लिए बेरोजगारी भत्ता के लिए अनुशंसित किया गया है, जिनमें से 19 आवेदकों को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। नगर पंचायत अंतागढ़ में 21 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें 07 आवेदकों को बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने लिए अनुशंसित की गई है तथा 05 आवेदकों को बेरोजगारी भत्ता के लिए स्वीकृति दिया जा चुका है।

## निगम ने सफाई ठेकेदार का सफाई ठेका तत्काल प्रभाव से निरस्त किया

रायपुर 25 अप्रैल। नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 5 के जोन कमिश्नर श्री राजेश गुप्ता ने जोन के तहत आने वाले पण्डित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड क्रमांक 42 के अनुबंधित सफाई



ठेकेदार मेसर्स पैरामाउन्ट इंटिलीजेन्स सिक्योरिटी सर्विस प्रोपराइटर अर्पित परिहार का सफाई ठेका वार्ड में सफाई कामगारों की निर्धारित संख्या से कम उपस्थिति पाये जाने एवं नगर निगम जोन 5 स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी किये गये सूचना पत्रों का समाधान कारक जवाब प्रस्तुत नहीं किये जाने के परिपेक्ष्य में सफाई ठेका आज तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है.नगर निगम जोन 5 जोन कमिश्नर द्वारा निरीक्षण के दौरान जोन के तहत आने वाले पण्डित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड क्रमांक 42 में दिनांक 23 अप्रैल 2023 को निर्धारित संख्या 45 से कम 32 सफाई कामगार ही एवं आज दिनांक 24 अप्रैल 2023 को निर्धारित संख्या 45 से कम 33 सफाई कामगार ही ड्यूटी पर उपस्थित पाये गये, जिससे वार्ड की सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई है .सम्बंधित वार्ड पार्षद एवं वार्ड के निवासी आम नागरिकों को सफाई सम्बन्धी काफी परेशानियां हो रही हैं. पूर्व में जारी सूचना पत्रों का समाधान कारक जवाब प्रस्तुत नहीं किये जाने एवं सफाई कामगारों की वार्ड में निर्धारित संख्या से कम उपस्थिति पाये जाने के परिपेक्ष्य में निगम जोन क्रमांक 5 के पण्डित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड नम्बर 42 का सफाई ठेका आज 24 अप्रैल 2023 को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।

# कलेक्टर ने जनचौपाल में प्राप्त समस्याओं के 75 आवेदनों के दिये निराकरण करने के निर्देश

उत्तर बस्तर कांकेर 25अप्रैल। जिले में प्रत्येक सोमवार को प्रातः 11 बजे से ई-जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से ग्रामीणजन अपने क्षेत्र के जनपद कार्यालय में उपस्थित होकर वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से कलेक्टर को अपनी समस्या से अवगत कराते हुए उनके निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं, जिसका त्वरित निराकरण भी हो रहा है। इस व्यवस्था से नागरिकों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए जिला कार्यालय तक नहीं आना पड़ रहा है, इससे धन एवं समय की बचत हो रही हैं। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा प्रत्येक सोमवार को ई-जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है। नरहरपुर, चारामा, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, अंतागढ़ एवं पखांजूर (कोयलीबेड़ा) विकासखण्ड के नागरिक अपने क्षेत्र के जनपद कार्यालय में स्थित वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपनी समस्या व शिकायत से अवगत करा रहें है, वहीं कांकेर विकासखण्ड के ग्रामीण कलेक्टर कार्यालय में प्रत्यक्ष मुलाकात कर कलेक्टर डॉ.प्रियंका शुक्ला को अपनी समस्या व शिकायत से अवगत करा रहे हैं, जिसका त्वरित निराकरण भी किया जा रहा है। आज सोमवार को आयोजित ई-जनचौपाल में 75 लोगों ने कलेक्टर को अपनी समस्या, शिकायत बताई, जिसके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। अंतागढ़ विकासखण्ड से 01, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड से 02, चारामा विकासखण्ड से 08, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड से 04, कोयलीबेड़ा (पखांजूर) विकासखण्ड से 06 और नरहरपुर विकासखण्ड से 01 लोगों ने अपने विकासखण्ड के जनपद कार्यालय में उपस्थित होकर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से तथा 53 व्यक्तियों द्वारा जिला कार्यालय में उपस्थित होकर कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला को अपनी समस्या से अवगत कराया, जिनका निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी एस. अहिरवार एवं अंतागढ़ के अपर कलेक्टर बी.एस. उईके, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर गौरीशंकर नाग एवं ए.एस. पैकरा, एसडीएम कांकेर धनंजय नेताम, डिप्टी कलेक्टर अशोक मारबल तथा विश्वास कुमार, विद्युत मंडल के कार्यपालन अभियंता सतीष कुमार किण्डो, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता एस.पी. मण्डावी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.सुनील कुमार सोनी, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक सिनीवाली गोयल भी मौजूद थे।

# फास्टर केयर एवं स्पॉन्सरशिप के चिन्हांकित तमाम बच्चों को लाभान्वित करें:कलेक्टर

उत्तर बस्तर कांकेर 25 अप्रैल। कलेक्टर डॉ. प्रियका शुक्ला की अध्यक्षता में एकीकृत बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की गई। बाल संरक्षण अधिकारी श्रीमती रीना लारिया द्वारा एजेण्डावार बिन्दुओं पर जानकारी दी गई। कलेक्टर ने बाल विवाह की रोकथाम तथा सड़क जैसे परिस्थितियों में निवासरत बच्चों के लिए सतत् रूप से समय-समय पर अभियान एवं सर्वे करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा बाल विवाह के संबंध में बाल संरक्षण समितियों को सक्रिय करने एवं आगामी विवाह तिथियों में विशेष रूप से पंचायत स्तर पर निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया। फास्टर केयर एवं स्पॉन्सरशिप की चिन्हांकित बच्चों को लाभान्वित करने के संबंध में जानकारी देते हुए योजना के संबंध में अवगत कराया गया। बालक कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत प्रकरणों की समीक्षा की गई जिसमें किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत होने वाले बच्चों का विवरण तैयार करने तथा पुलिस विभाग को समय सीमा में बच्चों को उपस्थित कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित अग्रवाल, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी हरिर्कितन राठौर, समाज कल्याण विभाग से उप संचालक सिनीवाली गोयल, आदिवासी विकास विभाग के सहायक संचालक जयामनु, सांख्यिकी विभाग के सहायक संचालक सीमा पाठक, जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना लारिया, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिक्षा विभाग, बालक कल्याण समिति, चाईल्ड लाईन, बालिका बाल गृह सहित विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी सहित खेल कल्याण विभाग, श्रम विभाग, मुख्य नगर पालिका, बालक कल्याण समिति, चाइल्ड लाइन, बाल गृह (बालिका), विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।



### समीक्षा बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

# स्वास्थ्य विभाग क्वार्टली लक्ष्य निर्धारित कर करे काम:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



सुकमा 25 अप्रैल। कलेक्टर श्री हरिस.एस ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को क्वार्टरली लक्ष्य निर्धारित कर, कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में स्वास्थ्य विभाग और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के तीनों सेक्टर में नियमित रूप से मानीटरिंग नहीं करने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की। जिले के दुरस्थ ग्राम सिलगेर में संचालित स्वास्थ्य सेंटर के बारे में जानकारी लेते हुए उन्हें नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा छिंदगढ़ ब्लाक में लक्ष्य अनुसार कार्य नहीं होने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और छिंदगढ़ में कार्यरत स्वास्थ्य टीम को अपने काम में कसावट लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में हाई रिस्क प्रेगनेंसी हेतु लक्ष्य निर्धारित कर, उनकी पहचान के साथ ही नियमित रूप से उन्हें मानीटरिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही हाई रिस्क प्रेगनेंसी में ब्लाक वाइस सर्वे कर, प्रसव पूर्व समीप के स्वास्थ्य केंद्र में उनका भर्ती होना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### संस्थागत प्रसव के लिए करें जागरूक

कलेक्टर ने बैठक में स्वास्थ्य विभाग को गर्भवती के टीकाकरण एवं उनके सुपोषण पर जोर देते हुए कहा कि उन्हें पास के स्वास्थ्य केंद्र में ही उनका प्रसव कराना सुनिश्चित करने और गांव के मितानिन और एएनएम के सहयोग से संस्थागत प्रसव हेतु गर्भवती माताओं को जागरूक करने को कहा। सुपोषण चौपाल हेतु स्वास्थ्य विभाग मिलकर करे काम कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र और स्वास्थ्य विभाग को आपस में समन्वय कर मिलकर कार्य करने को कहा। इसके लिए कुछ गांव को भी चिंन्हाकित करने के निर्देश दिए। जिसके लिए उन्होंने संबंधित विभाग को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

### प्रतिदिन मॉनीटरिंग करेंगे डॉक्टर

जिले में गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें जिले के सभी पोषण पुनर्वास केन्द्र में रोस्टर अनुसार 100 प्रतिशत उपस्थिति हेतु महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आपसी समन्वय सुनिश्चित करने ने निर्देश दिए। साथ ही केंद्र में उपस्थित बच्चों की डेली चेकअप हेतु डॉक्टर को प्रतिदिन मॉनीटरिंग के निर्देश दिए। साथ ही बच्चों का डेली प्रोगरेस रिर्पोट कार्ड बनाने के निर्देश दिए।

### समयानुसार हो एनीमिया का रि-टेस्ट

एनीमिया के संबंध में जानकारी लेते हुए, कलेक्टर ने कहा कि तय समयानुसार संबंधित व्यक्ति की एनीमिया का रि-टेस्ट करना सुनिश्चित करे। एनीमिया जांच संबंधित कार्य में लापरवाही बरतने पर कार्यवाही की चेतावनी दी। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत डिजिटल रिकॉर्ड लिंकिंग बढ़ाने को कहा। उन्होंने दवाईयों की उपलब्धता और एंबुलेंस की व्यवस्था का भी संज्ञान लिया। बैठक में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, चिरायु योजना गई, टीकाकरण, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके), टीबी, हाट बाजार क्लीनिक, सिकलसेल, परिवार कल्याण कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई।

## एक नजर



### प्री मैट्रिक छात्रावास में दी गई कानून से संबंधित जानकारी

**खरसिया , 25 अप्रैल।** तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती दीप्ति बरवा के द्वारा रविवार को प्री मैट्रिक आदिवासी बालक एवं बालिका छात्रावास में शिविर का आयोजन किया। जिसमें न्याय संबधी जानकारी तथा महिलाओं से सम्बंधित कानून की जानकारी न्यायधीश महोदया द्वारा दी गयी।वहीं साइबर क्राइम से संबंधित जानकारी देते हुए अधिवक्ता सुमीत रावलानी ने साइबर अपराध में ठगों की ओर से इस्तेमाल की जाने वाली विधि, सोशल साइटों का सावधानीपूर्वक प्रयोग करने के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने साइबर अपराध से बचाव को लेकर सवाल पूछे, जिसका उन्होंने जवाब दिया। वहीं फेसबुक हैकिंग, क्यूआर कोड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, वाट्सएप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्रॉड व सावधानियों की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि जागरूकता से ही साइबर अपराध से बचा जा सकता है।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ छात्रावास अधीक्षक दीपक सिदार, छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती सरिता पटेल, दानी धिरहि एवं पैरालीगल वालंटियर अवधेश प्रताप सिंह, प्रमोद कुमार सारथी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### खेतों में वर्मी कंपोस्ट खाद इस्तेमाल करने पर दिया जोर



**पत्थलगांव/तमता, 25 अप्रैल।** बारिश से पूर्व किसानों को खाद की बिक्री शुरू कर दी गयी है। सहकारी सेवा समितियों में पिछले कुछ दिनों से कृषक लगातार खाद लेने के लिए पहुंच रहे है। प्रबंधक किसानो को रासायनिक खाद से अधिक वर्मी कंपोस्ट का इस्तेमाल करने की सलाह दे रहे है। प्रबंधको द्वारा वर्मी कंपोस्ट खाद की बिक्री पर भी जोर दिया जा रहा है। आज तमता सेवा सहकारी समिती मे रासायनिक खाद की बिक्री शुरू की गयी। दरअसल सेवा सहकारी समितीयों से कृषक खाद लोन पर लिया करते है,बाद मे उसका भुगतान धान बेचने पर किया जाता है। आज तमता सहकारी सेवा समिती एक दर्जन से भी अधिक किसानो ने रासायनिक खाद के साथ वर्मी कंपोस्ट की भी खरीदी की गयी। इस दौरान यहा खरकटटा,तमता,बालाझार से किसान आये हुये थे,उन्हे तमता टी.एस.एस प्रभारी प्रबंधक हजारीलाल की मौजुदगी मे खाद दिया गया। इस दौरान यहा प्राधिकृत अधिकारी सुकलांबर छतर,उपसरपंच विशाल अग्रवाल,नरेश चौहान,विजय भास्कर शर्मा मौजुद थे।

### जब तक शरीर में जान है तब तक धर्म की करेंगे रक्षा:प्रबल प्रताप

**पत्थलगांव, 25 अप्रैल।** हिंदु कुल तिलक ,घर वापसी मिशन के प्रमुख जशपुर कुमार प्रबल प्रताप जुदेव ने एक बार फिर बडे पैमाने मे धर्म से भटके लोगो का सनातन धर्म मे वापस कराया है। जशपुर कुमार प्रबल प्रताप ने इस बार 100 परिवार के लगभग दो सौ से भी अधिक लोगो का सनातन धर्म मे पैर धोकर वापस कराया है। जशपुर ने हजारो की संख्या मे उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुये कहा कि धर्मातरण देश तोड़ने मे सबसे बड़ा खतरा है,इसीलिए घरवापसी अति आवश्यक है उन्होने कहा कि जब तक शरीर में प्राण है हम घर वापसी के माध्यम से सनातन धर्म की रक्षा करते रहेंगे। अपने पिता स्व.दिलीप सिंह जूदेव के दिखाये पथ पर चलते हुये प्रबल प्रताप अपने धर्म की रक्षा करने के लिए हमेंशा तत्पर रहते है। समय-समय पर प्रबल प्रताप धर्मातंरण के खिलाफ अवाज मुखर किये हुये है। दरअसल यह पूरा आयोजन शनिवार को दुर्ग मे सर्वहितकारिणी मानव सेवा संस्थान के और समस्त हिन्दू संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था। राष्ट्र रक्षा महासम्मेलन एवं विश्व कल्याण महायज्ञ में मुख्य अतिथि के रुप में हिंदू स्वाभिमानी सूर्य कुमार प्रबल प्रताप सिंह जूदेव,आर्य समाज के प्रांत प्रमुख आचार्य अंशुदेव आर्य,सुदूर हरियाणा से पधारे स्वामी देवानंद सरस्वती , क्षेममुनि,डॉक्टर कमल नारायण आर्य,विश्व हिंदू परिषद के प्रान्त प्रमुख संतोष गोलछा,पंडित ऋषि राज आर्य,पंकज भारद्वाज एवं अनेक हिंदु संगठनों से धर्म रक्षक मौजुद थे। यह कार्यक्रम छ.ग. के दुर्ग मे पहली बार आयोजित किया गया था। जशपुर कुमार एवं घर वापसी मिशन के प्रमुख प्रबल प्रताप ने जानकारी देते हुये कहा कि हिंदुओ के धर्म से किसी प्रकार का खिलवाड बर्दाश्त नही किया जायेगा। धर्मातंरण कराने वाले कतई समाज के लोग हिंदुओ के धर्म एवं आस्था से खिलवाड करना बंद कर दें,ऐसे समाज द्वारा जब भी धर्मातंरण कराने जैसे मामले जीवंत कराये जायेंगे जशपुर राजघराने का सदस्य वहा पहुंचकर अपने बिछडे भाईयों को धर्म से जोडने का हर संभव प्रयास करते रहेगा।



# सचिव संघ की क्रमिक भूख हड़ताल जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 25 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संगठन की प्रदेश स्तरीय बैठक 23 अप्रैल हरडीहा साहू भवन अमलेश्वर रायपुर में हुआ।जिसमें प्रदेश के सभी जिला के जिला अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा अपनी लंबित मांग परिवीक्षा अवधि पश्चात शासकीय करण को लेकर प्रगतिरत आंदोलन को और उग्र करते हुए 24 अप्रैल से क्रमिक भूख हड़ताल में बैठने का निर्णय लिया गया एवं धरना स्थल में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष को बुलाकर सम्मानित करते हुए मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र देने का निर्णय लिया गया।जिसमे सचिव संघ की एक सूत्रीय मांग नियमितीकरण की रखी गई है ,वही उस मांग को पूरा करवाने को लेकर 24 अप्रैल से सचिव संघ द्वारा गांधी मैदान में क्रमिक भूखहड़ताल प्रारम्भ किया गया।विगत 16 मार्च से ब्लॉक मुख्यालय में काम बंद कलम बंद हड़ताल पर बैठे हुए हैं।हड़ताल का 39 दिन पूर्ण होने के बाद भी शासन प्रशासन द्वारा वार्तालाप नहीं करने के कारण सचिवों में रोष व्याप्त है।पंचायत सचिव के हड़ताल में चले जाने से शासन की महत्वकांक्षी योजना सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण,बेरोजगारी भत्ता फार्म,राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन मजदूर न्याय योजना,किसान न्याय योजना,गोबर खरीदी,रिपा कार्य,गौठान के समस्त कार्य,मनरेगा के कार्य जन्म मृत्यु पंजीयन,राशन कार्ड,प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास, सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत वृद्धा पेंशन ,विधवा पेंशन,दिव्यांग पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन ग्राम सभा,बजट निर्माण,समस्त निर्माण कार्य जैसे विभिन्न योजना व कार्य पूर्ण रूप से प्रभावित है।छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संगठन के प्रदेश अध्यक्ष तुलसी साहू द्वारा विज्ञप्ति जारी कर कहा गया कि शासन प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की पहल नहीं करने के कारण एवं सरकार तक अपनी बात पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ के सभी धरना स्थल में माननीय भूपेश बघेल जी मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के नाम कांग्रेस के जिलाध्यक्ष को ज्ञापन दिया गया।प्रदेश अध्यक्ष द्वारा आगे बताया गया कि शासन/प्रशासन द्वारा पंचायत सचिवों के शासकीय करण के संबंध में कोई पहल नहीं करते हुए 24 घंटा में वापस लौटने का अल्टीमेटम जारी किया गया था जिसे ब्लॉक स्तरीय धरना स्थल में आदेश की प्रति को जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया।अभी कुछ जिला के कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सचिवों के प्रतिनिधि को बुलाकर कार्य पर वापस लौटने का दबाव बनाया जा रहा है जो न्यायोचित नही है,पंचायत सचिव का प्रभार सहायक अंतरिक लेखा करारोपण अधिकारी एवं रोजगार सहायक को सौंपने का आदेश जारी किया गया है,आदेश का विरोध करते हुए सहायक आंतरिक करारोपण अधिकारी के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश शुक्ला जी पंचायत सचिव के हड़ताल का समर्थन करते हुए प्रभार नहीं लेने हेतु शासन प्रशासन को ज्ञापन दिया गया एवं रोजगार सहायक संघ कोंडागांव के जिला अध्यक्ष द्वारा भी प्रभार नहीं लेते हुए सचिव संगठन के हड़ताल के समर्थन में ज्ञापन दिया गया है। यदि हमारी मांगों पर शासन प्रशासन द्वारा गंभीरतापूर्वक विचार नहीं किया जाता है तो उग्र आंदोलन करते हुए क्रमिक भूख हड़ताल,भूख हड़ताल, आमरण अनशन करने के लिए संगठन बाध्य होगा।



नोटिस



### ग्रामीण जन बेदखली के विरोध में वन कार्यालय पहुंचे ग्रामीण

**गरियाबंद।** वर्षो से काबिज भूमि से बेदखली किये जाने की नोटिश मिलने से परेशान दशपुर के ग्रामीण गरियाबंद नगर में कलेक्टर और उदन्ति सीतानदी कार्यालय पहुचकर वनमण्डलाधिकारी को ज्ञापन सौपे।वही पहुचे ग्रामीणों के द्वारा आवेदन के माध्यम से बताए कि ग्राम दशपुर और कोदोमाली में लगभग 35 से चालीस परिवार चालीस वर्षो से काबिज होकर निवासी कर रोजीरोटी चला रहे है। वही उनके पास वर्ष 1983,84 का उस भूमि का रसीद भी है जिसे वह विभाग के द्वारा दिया गया है।लेकिन अब उस जगह को खाली करने वन विभाग द्वारा नोटिश दिया गया है।जिससे उस ग्राम के साथ उसके आश्रित मोहल्ले के लोग परेशान होकर कलेक्टर और उदन्ति सीतानदी के वनमण्डलाधिकारी को आवेदन देते हुए राहत पहुचाने की मांग किये।

## गाज गिरने से एक ही परिवार के चार लोग झुलसे

### बे मौसम बारिश ने मचाया तबाही

**गरियाबंद, 25 अप्रैल।** बेमौसम बरसात के चलते दो अलग अलग जगहों में आकाशीय बिजली गिरी। जिसके चलते जिला मुख्यालय से चार किलोमीटर दूर ग्राम भिलाई में आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए जिसमे एक बच्चे की स्थिति गम्भीर बनी हुई है। वही बहरागोड़ा गांव में आकाशीय बिजली गिरने के चलते पैरावत में आग लग गई किसे गरियाबंद से फायर बिग्रेड ने पहुंचकर बुझाया नगर के कई जगहों में पानी भरा रहा,आंधी तूफान से होर्डिंग उड़े झाड़ गिरा जिससे बिजली गुल रही वही इसज्ञात हो कि सोमवार दोपहर तीन बजे मौसम ने करवट ली और तेज आंधी के साथ मूसलाधार बारिश होने लगी इसी आँधी तूफान के दौरान ग्राम भिलाई के एक ही परिवार के सुनीता निषाद 25 , हेमंत निषाद 13 , डिगेश्वर निषाद 15 चानेश्वर निषाद 12 आम बीनने ग्राम भिलाई के बस्ती किनारे आम बीनने के लालच में चले गए उसी दौरान आकाशीय बिजली गिरी जिससे चारो घायल हो गए।इस घटना की जानकारी मिलते ही संजीवनी को दिया गया ।

# पुलिस विभाग के आईजी आरिफ शेख पहुंचे देवभोग



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 25 अप्रैल।** समीपस्थ चुनाव को देखते हुए अति नक्सल प्रभावित मतदान केंद्रों, नक्सली गतिविधी,नशली पदार्थो की तस्करी, के साथ ही एलेग्जेंडर खदान और अन्य समस्याओं को लेकर पुलिस विभाग के आई.जी आरिफ शेख गरियाबंद के अंतिम सीमा देवभोग पहुचे। जहां उन्होंने पत्रकारों से रुबरु होते हुए कहा कि ग्रामीण अब नक्सलियों का साथ देना बंद कर रहे हैं जिससे उनका मनोबल टूट रहा है।ग्रामीणों के सहयोग के बिना उनका जिले में कोई वजूद नही है ,इस बात को ग्रामीण भी समझ गए है,और उनका सहयोग देना बंद कर दिया है।देखा गया है कि नक्सली तेंदूपत्ता सीजन मे पैसे की लालच में हरकत में आते हैं और उसके बाद वे गायब हो जाते हैं,धमकी चमकी देकर पैसा कमाने का कार्य उनका मुख्य उद्देश्य रह गयाहै ।ग्रामीण अब उनके इस चाल को समझने लगे हैं।जनता के इच्छा के अनुरूप शासन के विकास कार्यो सड़क पुल पुलिया व भवन निर्माण के चलते अब ग्रामीण नक्सलियों से दूर हो रहे हैं।आम जनता पुलिस और प्रशासन से सीधे अब एक दूसरे से जुड़ने लगे है। आई जी आरिफ शेख ने जुगाड़ पहुंचकर पुलिस ऑफिसर में कैंप का भूमि पूजन किया तथा अति संवेदनशील मतदान केंद्रों के निरीक्षण एवं उनकी स्थितियों का जायजा लिया साथ ही देवभोग में भी पुलिस मेस के लिए राशि स्वीकृत करने की बात कही वही आई.जी आरिफ शेख एलेग्जेंडर खदान सेन्दमुड़ा एवं थाना पहुंचकर पुलिस क्वार्टर की स्थितियों को देखा आवश्यक दिशा निर्देश दिये।उनके साथ इस दौरे में गरियाबंद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम काम्बले भी मौजूद रहे ।

### समय अवधि के बाद अपूर्ण कार्यों पर ठेकेदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश



**गरियाबंद, 25 अप्रैल।** कलेक्टर प्रभात मलिक ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यो की विस्तापूर्वक समीक्षा की। लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जल संसाधन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सीजीएमएससी लोक निर्माण सेतु एवं एडीबी के अंतर्गत प्रगतिरत निर्माण कार्यो की जानकारी ली। जिले में चल रहे निर्माण कार्यो की सप्ताहवार प्रगति रिपोर्ट की जानकारी लेकर निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्णता की जानकारी मांगी। कलेक्टर ने जिले में चल रहे निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही ठेकेदारों द्वारा कार्य विलंब करने पर एवं समय-सीमा के अंदर पूर्ण नहीं होने की स्थिति में संबंधित ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने बजट में स्वीकृत विकास कार्यों एवं मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल निर्माण कार्यों की भी जानकारी ली। साथ ही कार्य को शुरू करने के लिए वित्त विभाग से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करने की अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने प्रस्तावित कार्यों को तकनीकी स्वीकृति के लिए जल्द वित्त विभाग में भेजने तथा स्वीकृत कार्यों के अविलंब टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश बैठक में मौजूद संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये। इस दौरान संबंधित निर्माण एजेंसियों के अधिकारीगण मौजूद रहे।कलेक्टर मलिक ने निर्माण विभागों की समीक्षा बैठक में जिले में बन रहे पुल-पुलियों, सड़क, स्कूल, कॉलेज, छात्रावास, अस्पताल, अंगनबाड़ी, उचित मूल्य दुकान एवं भवन आदि की विभागवार जानकारी ली और उन्हें सेड्यूल के अनुसार कार्य कराने निर्देशित किये।

# संकरी सड़कों पर खड़े होने वाले मालवाहक बिगाड़ रहे व्यवस्था

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 25 अप्रैल।** शहर की सकरी सडको पर खड़ी मालवाहक वाहन यातायात व्यवस्था बिगाड रही है,अधिकांश दुकानो के सामने लगने वाली वाहन से स्कूली बच्चे एवं कामकाजी महिलाओ को हर समय दुर्घटना का डर सताते रहता है। शहर की यातायात व्यवस्था इन दिनो ठीक नही है,थोक व्यवसायीयों की दुकानो के सामने खडी बडी वाहनो के कारण सडक मे जाम की स्थिती बन रही है। उसके अलावा खुरदुरा दुकानो के सामने लगने वाली चार चक्का वाहनो के कारण सडके काफी सकरी हो जाती है। यातायात व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस बार-बार कोशिश करती है परंतु जिददी व्यवसायी एवं दुकानदारो के हट के कारण शहर की यातायात व्यवस्था बनते-बनते अधूरी रह जाती है। पिछ्ले दिनो पुलिस ने दुपहिया वाहन चालको पर कार्यवाही कर यातायात व्यवस्था मे सुधार लाने की कोशिश की थी,परंतु उनकी कोशिश कुछ व्यवसायी एवं सडक किनारे के दुकानदार बेकार कर रहे है। दुकानो के सामने निर्धारित दूरी से अधिक सामान लगाकर सडको को सकरी कर दिया गया है,जिसके कारण शहर के भितर मुख्य मार्गो मे दो वाहन ठीक से साईड तक नही ले पाती,ऐसे मे स्कूल जाने वाले बच्चो के साथ दुर्घटना का खतरा हर समय बना रहता है। महिलायें भी इस खतरे से अछुती नही है। लगभग चार माह पूर्व ऐसे ही सडक हादसे की शिकार पालीडिह की रहने वाली एक महिला हो गयी थी जो सकरी सडक के कारण वाहन से साईड नही ले पायी और बडी वाहन के चपेट मे आकर असमय ही मौत के मुंह मे समा गयी। इन दुर्घटनाओ से दुकानदार एवं व्यवसायीयों को सबक लेने की आवश्यकता है।।



**बैंक भी बिगाड़ रहे व्यवस्था-** अंबिकापुर मार्ग मे हर समय जाम की स्थिती देखी जा सकती है,यातायात व्यवस्था बिगाडने मे दुकानदारो के अलावा कुछ सरकारी बैंक भी पीछे नही है। अंबिकापुर रोड मे स्थित दो बडे सरकारी बैंको के पास स्वयं की पार्किग व्यवस्था ना रहने से यहा आने वाले ग्राहको की वाहन सडक किनारे खडी कर दी जाती है,जिसके कारण इन दोनो ही बैंक के सामने जाम की स्थिती के साथ-साथ दुर्घटना का भय भी बने रहता है।।

**नही होती चालानी कार्रवाई-** पुलिस द्वारा अभियान चलाकर दुपहिया वाहन एवं उनके चालको पर तो चालानी कार्यवाही कर दी जाती है,परंतु यातायात व्यवस्था बिगाडने मे अहम भूमिका निभाने वाली मालवाहक वाहन के अलावा दुकानो के सामने खडी चार चक्का वाहनो पर कभी भी चालानी कार्यवाही नही की जाती है,ऐसे वाहन मालिको के अलावा संबंधित दुकानदार पर यदि पुलिस कार्यवाही करती तो यहा-वहा वाहन पार्क करने वाले चालको पर बहुत हद तक अंकुश लगाया जा सकता था।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 27 को

**महासमुंद।** श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय रायपुर के तत्वावधान में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर गुरुवार 27 अप्रैल को महासमुंद शहर के स्वाध्याय भवन पुराना कॉलेज रोड में होगा। शिविर का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक है।संस्था की संचालक डॉ. पल्लवी क्षीरसागर ने बताया कि शिविर में वात रोग, चर्म रोग, स्त्री रोग के अलावा पेट जोड़ों में दर्द आदि अन्य जटिल रोगों का परीक्षण एवं उसका उपचार अनुभवी चिकित्सकों डॉ. यशवंत चंद्राकर, डॉ. अंकुर कदम और डॉ. शीतल कदम द्वारा किया जाएगा। डॉ. पल्लवी ने बताया कि शिविर में बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए हेल्दी आहार का अहम योगदान होता है। आहार में किसी तरह की कमी होने पर बच्चे में रोग प्रतिरोध की क्षमता कम हो सकती है। जिसके कारण बच्चों को कई तरह की परेशानी हो सकती है। बच्चों की इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए स्वर्णप्राशन को महत्वपूर्ण माना जाता है। शिविर में बच्चों के लिए लाभदायक स्वर्णप्राशन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जाएगी। स्वर्णप्राशन क्या फायदे, बनाने की विधि और डोज के बारे में विस्तार से बतायेंगे।

## समाचार संक्षेप

### माओवादी विरोधी अभियान के तहत विस्फोटक सामग्री सहित 2 माओवादी गिरफ्तार



**बीजापुर, 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत दिनांक 23-04-2023 को मुखबीर सूचना के आधार पर थाना भैरमगढ़, जांगला जिला पुलिस बल एवं 222 वाहिनी के.रि.पु. का संयुक्त बल थाना जांगला से ग्राम जैगूर की ओर गश्त सर्चिंग पर रवाना हुई थी।अभियान के दौरान ग्राम जैगुर धोबापारा में 02 संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर भाग रहे थे। जिसे पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया जिनसे पूछताछ करने पर अपना नाम :-1.दुलो कुहरामी पिता सन्नू, उम्र 33 वर्ष, साकिन धोबापारा जैगूर थाना जांगला व भैरमगढ? एरिया कमेटी अन्तर्गत मिलिशिया कमाण्डर2. बुधराम आरकी पिता विज्जा, उम्र 35 साकिन पटेलपारा जैगूर थाना जांगला व भैरमगढ़ एरिया कमेटी अन्तर्गत मिलिशिया सदस्य होना बताये ।माओवादी दुलो कुहरामी के कब्जे से विस्फोटक सामग्री - 1 नग इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 1नग इलेक्ट्रिक स्वीच, 2नग जिलेटिन विस्फोटक पदार्थ, 6 नग पेन्सिल बैटरी, इलेक्ट्रिक वायर करीबन 50 मीटर, 2मीटर कॉर्डेक्स वायर, 3मीटर सेफ्टी फ्यूज, 1 नग स्टील का टिफिन डिब्बा एवं बुधराम आरकी के कब्जे से 1 नग इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 1नग इलेक्ट्रिक स्वीच, 3नग जिलेटिन विस्फोटक पदार्थ, 6 नग पेन्सिल बैटरी, इलेक्ट्रिक वायर करीबन 60 मीटर, 3मीटर कॉर्डेक्स वायर, 4मीटर सेफ्टी फ्यूज बरामद किया गया।उक्त माओवादीयों के विरूद्ध थाना जांगला में अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही करते हुये गिरफ्तारी पश्चात दिनांक 24-04-2023 को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है ।

### भैरमगढ़ नपं अध्यक्ष सुखमती माँझी ने नगर को दी बड़ी सौगात



**बीजापुर, 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सोमवार को नगर पंचायत भैरमगढ़ की अध्यक्ष सुखमती माँझी ने भैरमगढ़ नगर को बड़ी सौग़ात देते हुए नगर के 6 वार्डों में 77लाख रुपये की लागत से लगे स्ट्रीट लाइटों की पूजा अर्चना कर स्ट्रीट लाइटों के स्विच ऑन बटन स्टार्ट कर विधिवत शुभारम्भ किया है। 6 वार्ड पेरमापारा, पेटफोड़ी पारा, देवांगन पारा, लोहरापारा, गढ़पारा और नाग पारा शामिल है जहां स्ट्रीट लाइटों की रौशनी से वार्ड जगमगाये है। इसके साथ ही वार्डवासियों को अंधेरे से निज़ात मिलेगी। वार्ड वासियों की लम्बे समय से माँग थी कि वार्डों में स्ट्रीट लाइटें लगे जो सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष सुखमती माँझी के द्वारा सुभारंभ के साथ पूरा हो गया है।इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुखमती माँझी ने कहा कि वार्ड वासियों की लम्बे समय से माँग थी कि वार्डों में स्ट्रीट लाइटें लगे, जिसे आज पूरा किया गया है। स्ट्रीट लाइटों को लगाने में बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी जी का सहयोग विशेष रूप से मिला है। सुखमती माँझी ने आगे कहा कि आने वाले समय में नगर के अन्य वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगाने का काम किया जाएगा। ज़िला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुखदेव नाग, ब्लॉक कांग्रेस भैरमगढ़ के अध्यक्ष लच्छु मौर्य, प्रकाश जेम्स, पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश गुप्ता, कांग्रेस आईटी सेल के मोहित चौहान, मगन नाग, निरमनी बघेल, एंव वार्डवासी उपस्थित थे।

### केक काटकर जिला पंचायत में मनाया गया पंचायती राज दिवस

**बीजापुर 25 अप्रैल।** जिला पंचायत सभागार में बस्तर विकास प्राधिकरण सदस्य श्रीमति नीना रावतिया उद्दे एवं कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा ने महात्मा गांधी जी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समस्त क्षेत्र वासियों को राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस की शुभकामनाए दी। 24 अप्रैल 1993 को पंचायती राज व्यवस्था लागू की गई है, लोकतंत्र की नींव के रूप में यादगार बनाने के लिए जिला पंचायत सीईओ श्री रवि कुमार साहू के मार्गदर्शन में केक की व्यवस्था की गई थी। केक काटकर सभाकक्ष में उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारियों को कलेक्टर ने बधाई देते हुए आम जनमानस के प्रति संवेदनशीलतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए।श्रीमती रावतिया ने अपने उद्बोधन में महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, राजीव गांधी के पंचायती राज व्यवस्था के लागू एवं सशक्त बनाने हेतु किए गए प्रयास का वर्णन किया। वहीं मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ में पेसा कानून लागू किए जाने हेतु धन्यवाद दिया।कलेक्टर ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था में कार्यरत सभी अधिकारी कर्मचारियों मूल अवधारणा को समझते हुए ग्रामीणों एवं जनता से संवेदनशीलता दिखाते हुए कार्य करना चाहिए। जिले में ग्राम पंचायतें अब पहले की तुलना में बेहतर कार्य कर रही है किंतु अभी इन्हें सशक्त बनाने में हमारी भूमिका महत्वपूर्ण है ।इस अवसर पर जिला सीईओ ने कलेक्टर श्री कटारा को विभाग की योजनाओं में जिले की प्रगति से अवगत कराया एवं समीक्षा बैठक आहूत करने की जानकारी दी। समीक्षा बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्री फागेश सिन्हा, श्री विकास सर्वे, उप संचालक पंचायत श्री गीत कुमार सिन्हा, सहायक परियोजना अधिकारी श्री पीआर साहू, श्री नारायण बंजारे, श्री मनीष सोनवानी के अलावा जनपद सीईओ, लाइन एजेसी के जिला अधिकारी एवं योजनाओं के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



### जन चौपाल में 59 आवेदन प्राप्त हुए जिलाधीश ने तत्काल निराकरण का निर्देश दिया

**गरियाबंद, 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मंगलवार को होने वाले जन चौपाल में 59 आवेदन प्राप्त हुए लोगों ने अपनी समस्याओं का समाधान की मांग जिलाधीश प्रभात मलिक से की। इस अवसर पर जिला के समस्त अधिकारी उपस्थित थे ।दूर-दूर से पहुंचे ग्रामीणों ने अपने आवेदन प्रस्तुत कर जल्द समाधान की मांग की जिलाधीश ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा समस्याओं का यथाशीघ्र निराकरण की कयँवाही की जाय साथ ही की गई कार्यवाही की प्रति उन्हें उपलब्ध कराएंआज गरियाबंद जिला कार्यालय में जन चौपाल आयोजित था जिसके अंतर्गत 59 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें प्रमुख रूप से बेरोजगारी भत्ता पशु शेड निर्माण विधवा पेंशन और विवादित नामांतरण राशन कार्ड की मांग वन अधिकार पट्टा की मांग नामांतरण बंटवारा गली कंक्रीटीकरण मनरेगा भुगतान शाला के अतिरिक्त कमरा निर्माण के साथ ही अनेक मांगे प्रस्तुत की गई ।



साथ ही कुछ शिकायतें भी की गई जिनके निराकरण जल्द करने की बात जिलाधीश प्रभात मलिक ने की है इस अवसर पर विशेष रूप से अपर कलेक्टर अविनाश भाई श्रीमती रीता यादव गरियाबंद एसडीएम हितेश पिज्दा के साथ ही अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### स्वास्थ्यवर्धक है फोर्टिफाइड राइस

**बलौदाबाजार, 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** माह अप्रैल 2023 से जिले के समस्त उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से आमजनों को फोर्टिफाइड चावल का वितरण प्रारम्भ कर दिया गया है। फोर्टिफाइड राइस में आयरन, फोलिक एसिड,विटामिन बी-12 मौजूद होते है जो स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक ने बताया है कि चावल फोर्टिफाइड का स्वाद व पकाने का तरीका सामान्य चावल के समान ही है लेकिन इसमें पोषण अधिक होता है। उन्होंने बताया कि अधिकतम फायदे के लिए फोर्टिफाइड चावल को पर्याप्त पानी मे पकाना चाहिए व पानी को बिल्कुल भी नहीं फेंकना चाहिए।

### खेलो इंडिया लघु प्रशिक्षक के चयन के लिए वॉक इन इंटरव्यू 2 एवं 3 मई को

**बलौदाबाजार, 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत सरकार खेल मंत्रालय और युवा कार्य एवं भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा खेलो इंडिया योजना के तहत जिले में फुटबॉल प्रशिक्षण केन्द्र कसडोल में प्रारंभ किये जा रहे है। जिसके लिए प्रशिक्षण केन्द्र के लिए 1 अस्थायी रूप से प्रशिक्षक नियुक्त किया जाना है। चयनित प्रशिक्षक के लिए योग्यता फुटबॉल में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी या सीनियर वर्ग की नेशनल ओपन चैम्पियनशिप (फुटबॉल महासंघ द्वारा आयोजित) में प्रतिनिधित्व या अंतर विश्व विद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व एवं प्रशिक्षण कार्य का अनुभव होना चाहिए. चयनित फुटबाल प्रशिक्षक को प्रतिमाह 25 हजार रूपये का वेतन शासन के प्रचलित नियमानुसार प्रदान किया जायेगा। चयनित प्रशिक्षक को राज्य सरकार के किसी भी मद से वेतन भुगतान नहीं होगा और न ही चयनित प्रशिक्षक राज्य सरकार या स्थानीय प्रशासन वेतन की मांग कर सकेगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन 2 मई एवं 3 मई को दोपहर 2 बजे कार्यालय वरिष्ठ खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग आर.टी.ओ. परिसर बलौदाबाजार-भाटापारा में किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग, आर.टी.ओ. परिसर बलौदाबाजार-भाटापारा में 26 अप्रैल तक जमा कर सकते है।

### धान खरीदी केंद्र भवन में चोरी करने वाले 2 नाबालिग सहित 3 पकड़ाए

**बलौदाबाजार, 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस ने जांगड़ा धान खरीदी केंद्र भवन में चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना हथबंद क्षेत्र के ग्राम जांगड़ा के धान खरीदी केंद्र भवन का 13 अप्रैल की रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा शटर का ताला तोड़कर अंदर रखे 01 तराजू 06 बाट, 06 पल्ला, 07 एलईडी लाइट एवं 11 तिरपाल कीमती 48, 000 चोरी कर ले जाने वाले अज्ञात आरोपियों का पता तलाश कर 01 आरोपी एवं 02 अपचारी बालक की गिरफ्तारी कर कब्जे से सम्पूर्ण मशरूका बरामद किया गया है। मामले में 02 अपचारी बालक सहित कुल 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में सउनि जगदेव कुमार साहू, प्र.आर युगल किशोर साहू, आरक्षक नवरत्न कंवर, धर्मेंद्र यादव एवं सिटी सर्विलांस टीम प्र.आर विनोद सिंह एवं आरक्षक दिनेश नेताम की मुख्य भूमिका रही। थाना हथबंद में चोरी एवम अवैध जुआ-सटटा, शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है।

### 7 लीटर महुआ शराब जब्त

**बलौदाबाजार, 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार, 25 अप्रैल। बलौदाबाजार पुलिस ने शराब की अवैध तस्करी करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले में मिली जानकारी के अनुसार 18 अप्रैल की शाम को हरबंस घृतलहरे पिता चंद्रा घृतलहरें (42) निवासी ग्राम जुड़ा थाना लवन जिला बलौदाबाजार भाटापारा भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बिक्री करने की मुखबिर सूचना पर पुलिस टीम ग्राम जुड़ा पहुंचकर आरोपी हरबंश घृतलहरे के घर दबिश देकर आंगन में छिपाकर रखें 5 लीटर वाली दो प्लास्टिक जरकिन एक में 5 लीटर एवं दूसरे में 2 लीटर महुआ शराब भरी हुई कुल 07 लीटर हाथ भट्ठी का बना कच्ची महुआ शराब को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया एवं आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2)आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

---

सचिव संघ की क्रमिक भूख हड़ताल की शुरुआत, बिहान की महिलाओं ने भी आंदोलन तेज किया

# लंबित मांगों के निराकरण व सरकार आने पर पूर्ण करने का आश्वासन देकर भाजपा ने दिया समर्थन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**डोंगरगढ़, 25 अप्रैल।** एक ओर सचिव संघ के द्वारा क्रमिक भूख हड़ताल कर सरकार को घेरने की शुरूआत कर दी गई है तो दूसरी ओर बिहान की महिलाओं ने भी अपनी चार सूत्रीय माँगो को लेकर आंदोलन तेज कर दिया गया है. प्रदेश ग्राम पंचायत सचिव संघ छग के आव्हान पर 24 अप्रैल से अनिश्चित कालीन हडताल जनपद पंचायत डोगरगढ़ मे जारी है। प्रांतीय निकाय के आह्वान पर क्रमिक भूख हडताल के प्रथम दिवस का शुभारंभ पंचायत सचिव संघ के सचिवो में संतराम सिन्हा,धीरेन्द्र धरमगुडे,कोमल वर्मा,मोरध्वज साहू, विजय सिन्हा एक सूत्रीय मांग 2 वर्ष परीविक्षा अवधि पश्चात् शासकीयकरण के समर्थन मे भूख हड़ताल पर डटे रहे। डोंगरगढ़ ब्लॉक के 72 सचिव हड़ताल पंडाल पर उपस्थित रहे। आपको बता दें कि पंचायत सचिवों के हड़ताल के कारण ग्राम पंचायतों के समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं के समस्त कार्य, गोधन न्याय योजना, नामांतरण बंटवारा, फौती, जन्म-मृत्यु पंजीयन, विवाह पंजीयन, जन चौपाल, राशनकार्ड, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, सहित शासन के समस्त कार्य ठप्प पड़ गए हैं। जिसमे ग्रामीणों मे शासन के खिलाफ आक्रोश धीरे-धीरे दिखाई देने लगा है। क्रमिक भूख हडताल के बाद भी सचिवो की मांगों पर कोई पहल नहीं किया जाता है तो सभी सचिव आमरण अनशन के लिए तैयार होने की मंशा जाहिर की।

### पूर्व सांसद,विधायक पहुंचे

जनपद पंचायत के सामने दोनों हड़ताल पंडाल में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, डोंगरगढ़ पूर्व विधायक रामजी भारती एवं अन्य भाजपा वरिष्ठ नेता पहुँच कर जायज मांगो का समर्थन किया और आगामी विधानसभा चुनाव की घोषणा पत्र में शामिल कर सरकार बनने पर आपकी मांगो का निराकरण व पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया. इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित जैन, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, जैन कुमार मेश्राम, रवि अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, अमित छाबड़ा, वीरेंद्र सोनी (मारुति), विजेंद्र सिंह ठाकुर, अमित बोस, जयंत साहू, सुमित ताम्रकर, शशांक, डिम्पी महापात्रा सहित भाजपाई उपस्थित रहे।

### जिला कार्यालय के जगह अब जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय कार्यालयों में बनेगा राशन कार्ड

**बलौदाबाजार, 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छ.ग. राशनकार्ड अधिनियम 2016 के तहत हितग्राहियों को नवीन राशनकार्ड प्राप्त करने हेतु आवेदक द्वारा आवेदन प्रपत्र-01 एवं राशनकार्ड में नवीन सदस्य जोड़ने हेतु प्रपत्र-02 में नगरीय क्षेत्रों हेतु नगरीय निकाय में एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए संबंधित ग्राम पंचायत में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जावेगा। आवेदन पत्र प्राप्ति पर, सक्षम अधिकारी आवेदन में संलग्न प्रमाण पत्रों एवं अन्य दस्तावेजों का मिलान घोशणा पत्र अनुसार किया जावेगा। जिसे ग्राम पंचायत राशनकार्ड निर्माण के लिए संबंधित जनपद पंचायत में प्रस्तुत किया जावेगा। जिसका सक्षम अधिकारी द्वारा जांच उपरांत पात्र पाये जाने पर पात्रता अनुसार राशनकार्ड जारी किया जावेगा।

## कांग्रेस नेताओं ने किया बरामदा निर्माण का भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 25 अप्रैल।** समाज सेवा को समर्पित तिल्दा -नेवरा नगरपालिका के एल्डर मेन स्वेजा तो परवीन ने मुस्लीम जमात को एल्डर मेन निधी से बरामदा निर्माण का तोहफा दिया है। काफी लंबे समय से राजनीति में सक्रिय भूमिका अदा कर रही एल्डरमेन स्वेजा अमजद खान ने शासन के जनकल्याण कारी, महत्वकांक्षी योजनाओं से क्षेत्रवासियो को रूबरू कराते हुए उन्हे लाभ मुहैया करा रही है। इसकी सक्रियता के चलते क्षेत्र में इनकी खास प्रभाव देखने को मिल रहा है सर्व धर्म सम भाव के विचारो के साथ एल्डरमेन स्वेजा परवीन राजनीतिक, सामाजिक पथ पर अग्रसर हो रही है ?,सभी वर्ग विशेष को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ दिलाने हरसंभव प्रयासरत एल्डर मेन स्वेजा परवीन घर घर दस्तक देकर लोगो को जागरूक कर रही है जिसके चलते शासन के योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ भी अर्जित हुआ है। बीते दिन सोमवार को वार्ड क्रमांक 10 में मुस्लीम जमात, बरामदा निर्माण हेतु एल्डर मेन स्वेजा परवीन द्वारा नगरपालिका एल्डरमैन निधी से बरामदा निर्माण हेतु भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष लेमिक्षा गुरु डहरिया, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, व सिन्धु एकादमी आयोग के अध्यक्ष राम गिड़लानी द्वारा किया गया इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू मारकंडे, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष पप्पू नामदेव, एल्डरमेन दिलीप देवांगन, एल्डरमेन संजय दुबे, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पवन बघेल, रायपुर ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष सुनील सोनी, द्वारिका शर्मा, अमजद खान, शैलेंद्र डहरिया, सियासत अंसारी, तार बी, सबा फातिमा, मेहरून निशा, अफसाना बेगम, आबेदा बेगम, हबीबुन निशा, जानू बी, हसीरून निशा, अरिमुन, खैरुन निशा, शहनाज बेगम, शकीला बेगम, कनीजा फातिमा, साहिन बी, शबाना बेगम, बेगम बी उपस्थित थे।

# भूपेश सरकार के स्वीकृत कार्यों पर शिवरतन भ्रम न फैलाएं : माहेश्वरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 25 अप्रैल।** प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने कहा कि भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में विगत साढ़े चार वर्षों में भूपेश बघेल की सरकार ने 500 करोड़ से अधिक का कार्य कराने के साथ साथ लोगों को सीधे आर्थिक लाभ पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार के विकास कार्यों पर प्रश्न चिन्ह लगाने से पहले विधायक शिवरतन शर्मा स्वयं रमन सरकार का मूल्यांकन करें जो तीन सौ रुपए किसानों का धान का बोनस नहीं दे पाई। आज जगह-जगह विधायक शिवरतन शर्मा जो घोषणा करते हैं वह भी भूपेश सरकार की देन है। क्योंकि भूपेश सरकार विधायक निधि की राशि 1 करोड़ से 4 करोड़ रुपए कर दी है।

उक्त कथन माहेश्वरी ने विधायक शिवरतन शर्मा द्वारा विगत कुछ दिनों से लगातार अपने कार्यक्रम में भूपेश सरकार और कांग्रेस के विरुद्ध कोई विकास कार्य नहीं किए जाने के आरोप पर कहा कि भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में भूपेश बघेल की सरकार ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सिंचाई, सड़क, खाद गोदाम, नए सोसाइटी, धान खरीदी केंद्र, गांव-गांव में गौठान निर्माण, शिक्षा के क्षेत्र में चहुंमुखी विकास, आत्मानंद स्कूल का निर्माण, किसान कुटिर आदि जैसे सैकड़ों काम भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में संचालित है। यही कारण है कि अपने द्वारा किए गए विकास कार्यों की जगह शिवरतन शर्मा को जगह-जगह धर्म के संबंध में उद्बोधन देना पड़ रहा है। क्षेत्र की जनता विधायक शिवरतन शर्मा के कथनी और करनी में अंतर को समझती है।

भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में भाटापारा नगर पालिका में ही विगत तीन वर्षों में जितने कार्य स्वीकृत हुए हैं उसके बराबर कार्य, 5 वर्ष में भी भारतीय जनता पार्टी नहीं करा पाई। भाटापारा नगर पालिका में ट्रेक्टर, ट्राली, स्काई लोडर, जेसीबी, सेप्टिक मशीन, रोड स्वीपिंग मशीन, नई ट्रालियां आदि भूपेश सरकार में जितनी खरीदी गई, उतनी रमन सरकार के 15 वर्षों में नहीं खरीदी गई हैं। इसी तरह भाटापारा विधानसभा सिर्फ 20 करोड़ का कार्य तो डीएमएफसे भूपेश सरकार के बनने के बाद कराया गया है। माहेश्वरी ने आगे कहा कि कांग्रेस की सरकार लोकतंत्र पर विश्वास करते हुए क्षेत्र के विधायक द्वारा प्रस्तावित कार्यों को जनहित में स्वीकृति प्रदान करती है। और विधायक शिवरतन शर्मा उन्हीं कार्यों के भूमिपूजन में पहुंचकर भूपेश बघेल सरकार के खिलाफ झूठा बयान देकर भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं।

विधायक शिवरतन शर्मा द्वारा जो भ्रम जनता के बीच फैलाने का काम किया जा रहा है, कांग्रेस के कार्यकर्तागण उनके मनसूबों को सफल नहीं होने देंगे। हमारी यह चुनौती भी है कि विधायक शिवरतन शर्मा अपने द्वारा कराए गए विकास कार्यों के आधार पर चुनाव लड़कर देख लें, ना कि भूपेश सरकार द्वारा कराए जा रहे कार्यों को अपना बताकर। रमन सरकार कार्यकाल के समय का माता देवालय स्टेडियम, लोकोत्सव मैदान, बस स्टैंड, हटरी बाजार, थोक सब्जी बाजार, ट्रांसपोर्ट नगर, कइया तालाब आदि ऐसे अनेक कार्य हैं जो या तो अधूरे पड़े हैं या अव्यवस्थित हैं, जिसके चलते भाटापारा शहर की जनता परेशान है।

### आजीविका मिशन से जिले के 11 लाख महिलाओं को जोडने का लक्ष्य

**बलौदाबाजार, 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत आजादी के 75 वी अमृत महोत्सव के अवसर पर संगठन से समृद्धि पखवाड़ा का ऑनलाइन शुभारंभ छत्तीसगढ़ राज्य में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविंद्र चौबे की उपस्थिति में संपन्न हुआ. इस कार्यक्रम में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के 11 लाख महिलाओं को समूहों से जोड़कर उनको आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। यह पखवाड़ा 18 अप्रैल से प्रारंभ होकर 30 जून तक चलेगा। इसमें ग्राम स्तर पर निवासरत समस्त महिलाओं को समूह में जोड़ा जाएगा। इसमें मुख्यत: महिला बाल विकास विभाग में कार्यरत महिला, मध्यान भोजन निर्माण में संलग्न महिला, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभान्वित महिला हितग्राही, महात्मा गांधी नरेगा योजना अन्तर्गत पंजीकृत महिला सदस्यो को जोड़ा जावेगा।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/268/न.पा./रा.वि./2023-24
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 25/4/23

**ईश्तहार-सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री नीलेश कुमार वाधवा पिता स्व. श्री ब्रम्हानंद वाधवा वार्ड क्र. 16 तिल्दा-नेवरा द्वारा भूमि/भवन का श्री रितेश वाधवा पिता स्व. श्री ब्रम्हानंद वाधवा वार्ड क्र. 16 तिल्दा नेवरा के द्वारा मृत्यु दावा पश्चात दान विलेख पारिवारिक सदस्यों के मध्य निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा-नेवरा में आवेदन पेश किया गया है।

उक्त भवन डिमांड क्र. 353/16 भूमि खसरा नं. 812/2 शीट नं. 05 प्लाट नं. 28/2 रकबा 3639 वर्गफुट/हैक्टीयर के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.04.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

मुहर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा


## समाचार संक्षेप

### कोविड की तैयारी और स्वास्थ्य सुविधाओं का सीएमएचओ ने किया निरीक्षण

■ लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस सहित वेतन काटने के दिए निर्देश

**बलौदाबाजार, 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में कोरोना के संक्रमण में वृद्धि को देखते हुए उसकी तैयारियों तथा स्वास्थ सुविधाओं की सुदृढ़ता के लिए कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर आज जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर द्वारा विकासखंड पलारी के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान सीएमएचओ ने ठीक कार्य करने वाले कर्मचारियों की ना केवल प्रशंसा की बल्कि लापरवाही बरतने वाले कई कर्मचारियों को शोकॉज नोटिस सहित उनके वेतन कटौती तक के निर्देश दिए.निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ सबसे पहले ग्राम अमेरा के उपस्वास्थ्य केंद्र गए जहाँ वी एच एन डी का सत्र चल रहा था यहाँ मितानिनें उपस्थित नहीं थीं जिस पर उन्होंने तत्काल मितानिन प्रशिक्षिका को मोबाइल पर फटकार लगाते हुए कार्य सुधार के निर्देश दिए। अमेरा में बन रहे नए उपस्वास्थ्य केंद्र भवन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सब इंजीनियर को तराई और प्लास्टर के कार्य में गुणवत्ता बनाये रखने को कहा। उपस्वास्थ्य केंद्र छेरकापुर में दोपहर 12 बजे तक ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक देवेश कुमार साहू अनुपस्थित पाए गए जिस पर सी एम एच ओ ने उक्त कर्मचारी का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश बीएमओ को दिए है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लच्छनपुर में भ्रमण के दौरान सी एम एच ओ ने व्यवस्थाओं के प्रति संतोष ज़ाहिर किया और वहां उपस्थित स्टाफकी प्रशंसा की। इसी केंद्र में पदस्थ जे एस ए कृष्ण कुमार सार्वा जो अनुपस्थित पाए गए एवं जिनके विरुद्ध कई शिकायतें थीं उनके 5 दिनों के वेतन कटौती करने के आदेश के साथ-साथ शोकॉज का जवाब सी एम एच ओ के सम्मुख प्रस्तुत होकर देने के निर्देश दिए गए। लच्छनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी डॉ वीणा वर्मा ने बताया कि, लैब टेक्नीशियन ना होने के कारण यहां कई प्रकार के जांच कार्य प्रभावित हो रहे हैं साथ ही एक वार्ड की यहां नितांत आवश्यकता है। इस पर सी एम एच ओ ने उक्त कार्यों हेतु तत्काल व्यवस्था करने की बात कही गई. उप स्वास्थ्य केंद्र सलोनी में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित थे जबकि ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला और पुरुष दोनों ही टीकाकारण सत्र हेतु अहमदपुर ग्राम में गए हैं ऐसा बताया गया। उपस्थिति पंजीयन की जाँच में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक मनमोहन आर्य द्वारा पिछले सात दिनों से हस्ताक्षर ही नहीं किये गए हैं जिस पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए बी एम ओ को सम्बंधित कर्मचारी को शोकॉज देने के निर्देश दिए। सी एम एच ओ ने अहमदपुर ग्राम में औचक निरीक्षण कर के भी देखा की सम्बंधित कर्मचारी की बात में सत्यता है या नहीं। उक्त कर्मचारी द्वय वहां उपस्थित पाए गए। सीएमएचओ डॉ महिस्वर ने बताया की जिले में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु समय- समय पर इस प्रकार के औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे।

### भेंट-मुलाकात के लिए स्थल चिन्हांकन और निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर



**बलौदाबाजार, 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भेंट-मुलाकात कार्यक्रम तीसरे चरण में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के भाटापारा विधानसभा अंतर्गत ग्राम कड़ार में प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री बघेल के भाटापारा विधानसभा में प्रस्तावित आगमन को लेकर तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर रजत बंसल कड़ार गोठान पहुंचे। इस दौरान अपर कलेक्टर राजेंद्र गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक सत्येंद्र चौबे भी साथ थे। कलेक्टर बसंल ने प्रस्तावित कार्यक्रमों के अनुसार अधिकारियों से तैयारियों का जायजा लिया तथा महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए। कलेक्टर बसंल ने निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम भेंट- मुलाकात मंच निर्माण व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिमण्डलों से भेंट मुलाकात हेतु चयनित स्थान निरीक्षण के साथ हेलीपैड एवं सभा स्थल का भी मुआयना किया। उन्होंने हेलीपेड एवं भेंट-मुलाकात सभा स्थल, मंच की तैयारियों के संबंध में निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कार्यक्रम के रूट-चार्ट के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी के साथ ही कलेक्टर बसंल ने जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम के साथ सिंगारपुर स्थित प्राचीन मावली माता मंदिर पहुंचे और वहां भी उन्होंने मुख्यमंत्री बघेल के आगमन के मद्देनजर मावली माता दर्शन स्थल का निरीक्षण किया उन्होंने कार्यक्रम से जुड़े अन्य बिन्दुओं के आधार पर तैयारियां करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान ट्रेफिक तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान एसडीएम सिमगा आशीष कर्मा, एसडीएम भाटापारा नरेंद्र बंजारा, ईई पीडब्लूडी टी सी वर्मा, उप संचालक पशुपालन डॉ. एस पी सिंग, ईई पीएचई एन के पांडेय, प्रभारी उप संचालक कृषि राघव स्वरूप वर्मा सहित अन्य जिला अधिकारी मौजूद थे।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.**

-::निविदा निरस्तीकरण सूचना::-

इस कार्यालय द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 01/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां.वि./2023 कांकेर दिनांक 10.04.2023 जी. नम्बर 00096/1 को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड कांकेर
जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

जी-00514/3



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड धमतरी (छ.ग.)**

Email ID-eedha-phe-cg@nic.in Telephone Number 07722-238719

**//ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना//**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र-'ए' में प्रतिशत दर पर जल जीवन मिशन के रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजनान्तर्गत निर्माण कार्यों हेतु निम्नलिखित ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| सं. क्र. | निविदा क्र./दिनांक सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 06/20.04.2023 131671 | विकासखण्ड धमतरी के ग्राम सेलदीप_Retro | 87.81 |

नोटः- उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि की विस्तृत निविदा, विज्ञापित निविदा, दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल (https://eproc.cgstate.gov.in) से दिनांक-24.04.2023 से देखा जा सकता है एवं दिनांक 11.05.2023 सायं 5:30 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
धमतरी (छ.ग.)

जी-00516/4


---

धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम का प्राकट्य उत्सव

# सांसद ने की विप्र भवन के लिए पांच लाख की घोषणा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 25 अप्रैल।** भगवान विष्णु के छठे अवतार एवं ब्राह्मणों के आराध्य देव भगवान परशुराम जी का प्राकट्य उत्सव अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर धर्म नगरी डोंगरगढ़ में बड़े धूमधाम से मनाया गया।ब्राह्मण समाज के लोगों द्वारा सुबह से ही केदार बड़ी स्थिति भवन में भगवान परशुराम की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना के पश्चात सुंदरकांड का पाठ किया गया। उसके पश्चात देर शाम विप्र भवन से ही विशाल बाइक रैली गाजे-बाजे के साथ निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुए वापस केदार बड़ी स्थिति विप्र भवन पहुंची।

कार्यक्रम में पूजा अर्चना कर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जिले के सांसद संतोष पांडे एवं अध्यक्षता कर रहे जिले के पूर्व कलेक्टर गणेश शंकर मिश्रा द्वारा समाज के महिला प्रकोष्ठ द्वारा संपादित कराए गए विभिन्न आयोजनों में प्रतिभागी बच्चों एवं समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा आशीर्वादक वरिष्ठ जनों का भी सम्मान किया। सांसद संतोष पांडे ने सभी क्षेत्र वासियों को भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव की बधाई और शुभकामनाएं दी। और कहां की ब्राह्मण समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है प्रतिभाओं को सम्मान मिलने से समाज आगे बढ़ता है। सांसद संतोष पांडे ने कहा कि ब्राह्मण समाज सभी को दिशा दिखाने का काम करता है अतः समाज का दायित्व और भी बढ़ जाता है। हमें भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलकर समाज को सुसंगठित करने का भरसक प्रयास करना चाहिए। पांडे ने कहा कि ब्राह्मणों का गौरवशाली इतिहास रहा है।जो हमेशा दिशा देने का काम करता है। सांसद पांडे ने ब्राह्मण समाज के भवन के लिए सांसद निधि से 5लाख रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिले के पूर्व कलेक्टर गणेश शंकर मिश्रा ने भी बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां का समाज बहुत ही संगठित और सुसंस्कृत है जिसकी भूरि भूरि प्रशंसा करता हूं।साथ ही सभी प्रतिभागी बच्चों एवम् मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर उन्हें बधाई दी। उन्होंने यह भी कहा कि ब्राह्मणों को अपने संस्कार नहीं भूलना चाहिए। यहां का समाज सांस्कृतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना करने के लिए विशेष प्रयास कर रहा है।आगामी 29 मई को समाज के द्वारा सामूहिक उपनयन संस्कार आयोजित किए जाने की हार्दिक शुभकामनाएं दी। अतिथि द्वय ने मंच से ब्राह्मण समाज को अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन करने का संदेश भी दिया। समाज के संरक्षक शशिकांत द्विवेदी ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में दिनोंदिन हो रहे संस्कारों के अवमूल्यन को बचाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन समाज के अध्यक्ष राजकुमार द्विवेदी ने किया वहीं संचालन लालजी द्विवेदी व विमलेश द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नरोत्तम शर्मा, रामप्रवेश शुक्ला, राजेश शुक्ला, द्वारिका प्रसाद शर्मा, श्याम तिवारी, मोनू तिवारी, राजेन्द्र तिवारी आदि भारी संख्या में उपस्थित थे।

## एक नजर

### भगवान से दुआ करता हूं कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं को सद्बुद्धि दे: चंदेल

**रायपुर 25 अप्रैल।** नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कांग्रेस पार्टी को सलाह दी. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को स्तरहीन बयानबाजी नहीं करनी चाहिए. मर्यादा में रहकर कोई भी बात रखनी चाहिए. भगवान से दुआ करता हू कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं को सद्बुद्धि दें. अति का अंत होता है. भगवान राम को रैंबो कहे जाने पर भी चंदेल ने जमकर हमला बोला. वहीं मुख्यमंत्री बघेल द्वारा भगवान राम को रैंबो कहे जाने पर कहा कि राम हम सबके हैं. भगवान राम हमारे जीवन के सार हैं और जीवन के आधार हैं. जहां राम लला पैदा हुए कांग्रेस की सरकार ने वहां राम मंदिर क्यों नहीं बनवाया?. पांच से लेकर प्रधानमंत्री तक कांग्रेस में थे, किसने रोका था? उनके नेताओं ने आज ही क्यों राम मंदिर की प्रक्रिया शुरू हुई है. इससे पहले कभी राम मंदिर की चर्चा नहीं करते थे, विरोध करते थे. वहीं नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने भाजपा द्वारा चलाए गए बूथ सशक्तिकरण अभियान पर कहा कि बीजेपी में कार्यविस्तर योजना चल रही थी. भाजपा एक पखवाड़े तकङ्क गांव, बूथ, और शक्ति केंद्रों में गई. पार्टी की प्रक्रिया है कि सतत प्रवास, संपर्क और संवाद. बूथ सशक्तिकरण अभियान के बाद अब हम बूथों की समीक्षा कर रहे हैं. हमारे प्रदेश के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय नेता विधानसभा क्षेत्रों में जाकर कार्यकर्ताओं से चर्चा कर रहे हैं. बीजेपी एक कैडर बेस्ड पार्टी है. हम पूरे पांच साल काम करते हैं. बीजेपी सतत रूप से चलने वाले लोग हैं. बूथ सशक्तिकरण उसी की एक सामान्य प्रक्रिया है. हर बूथ पर हमारी यूनिट है. लोगों का चुनाव के दौरान मूड कैसा है? हमारे पदाधिकारी कितना प्रवास करते है?. सभी चीजों की सामान्य जानकारी है इसे लेकर आते हैं. वोट परसेंट कैसे बढ़ सकता है इसपर ध्यान देते हैं.

### तहसील कार्यालय बंद, धरने पर बैठे प्रदेश के सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार

**रायपुर 25 अप्रैल।** प्रदेश के तहसीलदार और नायब तहसीलदार हड़ताल पर बैठ गए है। जिसके कारण प्रदेशभर के तहसील कार्यालयों का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है। सभी अधिकारी 13 सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल कर रहे हैं। राज्य के सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार 1 दिन का सामूहिक अवकाश लिया है। रायपुर स्थित धरना स्थल में प्रदेश भर के तहसीलदार और नायब तहसीलदार धरना दे रहें है। उनका मांग है कि सरकार वेतन विसंगति और पदोन्नति जैसे हमारे 13 प्रकार के मांगों को पूरा करे। प्रशासन का इस पर अभी तक किसी भी प्रकार रिएक्शन सामने नहीं आया है।

### यूपी के माफिया छत्तीसगढ़ आ रहे हैं और कांग्रेस सरकार उनका अभिनंदन कर रही है: बृजमोहन

**रायपुर 25 अप्रैल।** विधायक बृजमोहन अग्रवाल के इस आरोप पर भूपेश बघेल की चुप्पी भी समझ से परे लग रही है। सोशल मीडिया के प्लेटफार्म में बृजमोहन ने कांग्रेस सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है।ट्वीटर में बृजमोहन ने कहा है कि जब मुख्यमंत्री भूपेश बुलडोजर के विरोध बात करते हैं तो अपराधी समझ जाते हैं कि यही भाई संरक्षण देने वाला है। यूपी के बमबाज गुड्डू मुस्लिम के राज्य में होने की बात भी यह साबित करती है। यूपी के माफिया गुंडे भागकर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं और कांग्रेस सरकार उनका अभिनंदन कर रही है। उत्तरप्रदेश के नामी गुंडे गुड्डू मुस्लिम का छत्तीसगढ़ में आकर छुपना बहुत सी बातें बोल रहा है।छत्तीसगढ़ में उत्तरप्रदेश के बमबाज का पनाह लेना अपने आप मे भूपेश सरकार की नीयत बयां करता है।

### राजस्व भूमि की अफरातफरी बदस्तूर जारी: रिजवी

**रायपुर 25 अप्रैल।** मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष तथा वरिष्ठ अधिवक्ता इकबाल अहमद रिजवी ने माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल एवं राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल को पत्र प्रेषित कर कहा है कि शासकीय नजूल एवं ग्रामीण अंचल की राजस्व भूमि की अफरा-तफरी एवं अवैध कब्जों में दिन दुगनी-रात चौगुनी बढ़ोतरी पर अंकुश लगाना अतिआवश्यक हो गया है। बेजा कब्जाधारियों के हौसले बढ़ते ही जा रहे हैं। शासकीय भूमि की सुरक्षा हेतु बेजा कब्जाधारियों में भय पैदा करने हेतु सजा एवं जुर्माने का प्रावधान या भू-राजस्व अधिनियम में संशोधन आवश्यक हो गया है। पेशेवर कब्जाधारियों को रोकने कड़े नियम बनाना वक्त का तकाजा है। बेजा कब्जा की प्रथा पर अंकुश लगाने नजूल एक्ट बनाया जाना आवश्यक हो गया है, जो आज तक नहीं बना है। नजूल एक्ट बनने से सरकार की एक अभिनव उपलब्धि होगी। बेजा कब्जाधारियों में सजा एवं जुर्माने का प्रावधान रखने से भय उत्पन्न होगा जो अभी तक नहीं है।

# 23 लाख रुपए के गोबर पेंट का मिला आर्डर

## लखोली में फैक्ट्री खुलते ही मिला बड़ा आर्डर

**रायपुर 25 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ सरकार की गोधन न्याय योजना के तहत गोबर पेंट का कारोबार प्रदेश में बढ़ रहा है। इस पेंट की मांग होने लगी है। ग्राम लखोली स्थित गोबर पेंट निर्माण यूनिट को 22 लाख 67 हजार रुपए के गोबर पेंट निर्माण के लिए आर्डर मिला है। गोबर पेंट का उपयोग सरकारी भवनों, स्कूलों एवं छात्रावासों के रंग-रोगन के लिए किया जा रहा है।



इस प्राकृतिक पेंट के इस्तेमाल से न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। साथ ही गौठानों में इसके निर्माण से स्वसहायता समूह की स्थानीय महिलाओं को रोजगार मिल रहा हैं। जिससे उनकी आय में वृद्धि भी हो रही है। कलेक्टर डोमन सिंह के मार्गदर्शन में राजनांदगांव के ग्राम लखोली में स्थित गोबर पेंट यूनिट में जागृति स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट का निर्माण किया जा रहा है। इस समूह में 10 महिला और 2 पुरूष सदस्य हैं।

जागृति स्व सहायता समूह की सदस्य श्रीमती संजना साहू ने बताया कि यहां गोबर से पीला, सफेद, ग्रे एवं मेहरून डिस्टेंपर एवं इमल्शन पेंट का निर्माण किया जाता है। परंतु अभी वर्तमान में इमल्शन पेंट का ही निर्माण किया जा रहा है। इस यूनिट की स्थापना के दो सप्ताह में ही 2 हजार लीटर से अधिक गोबर पेंट का निर्माण किया जा चुका है। जिसमें से 2 लाख 67 हजार रूपए के 1 हजार 161 लीटर गोबर पेंट विक्रय किया जा चुका है। साथ ही हमें 10 हजार लीटर से अधिक गोबर से निर्मित इमल्शन पेंट का ऑर्डर प्राप्त हो चुका है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में 200 रूपए प्रति क्विंटल की दर से गोबर खरीदी की जा रही है। इस गोबर का उपयोग जैविक खाद के अलावा गोबर के पेंट बनाने में भी किया जा रहा है। गोबर से प्राकृतिक पेंट निर्माण के फलस्वरूप जहां एक ओर स्थानीय स्तर पर उपलब्ध गोबर का सदुपयोग होगा। वहीं ज्यादा से ज्यादा युवाओं, महिलाओं और ग्रामीणों को रोजगार भी प्राप्त होगा। जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त भी होंगे। इस आय मूलक गतिविधि से जहां इन महिला समूहों की आय में वृद्धि हो रही है। वहीं शासकीय भवनों तथा आम लोगों के घरों के लिए किफायती दर पर इमल्शन एवं डिस्टेंपर पेंट सुलभता से प्राप्त हो रहा है।




**रायपुर 25 अप्रैल।** मुख्यमंत्री आज अपने प्रदेश व्यापी भेंट-मुलाकात अभियान के तहत रायपुर ग्रामीण विधानसभा के लालपुर स्थित शीतला माता मंदिर पहुंचे। उन्होंने माता शीतला और मंदिर परिसर में ही स्थित नागेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा और नगर निगम रायपुर महापौर एजाज ढेबर भी उपस्थित रहे।

## सोलर पैनल, एलईडी सप्लाई का ठेका दिलाने के नाम पर 4.39 करोड़ की धोखाधड़ी

**रायपुर 25 अप्रैल।** सोलर पैनल, एलईडी सप्लाई का ठेका दिलाने के नाम पर 4.39 करोड़ की धोखाधड़ी सामने आई है। ठेका नहीं दिला पाया और रकम भी वापस नहीं किया । पुलिस ने 420 का मामला दर्ज किया है। सुंदरनगर बगारी आटा चक्की के पास रहने वाले सुशील शर्मा ने सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक सुशील, और उसके साथियों प्रेमरतन भट्टर,नरेश शर्मा, सिरिश अवस्थी ने शैलेन्द्र बघेल से सोलर पैनल, सोलर एलईडी सप्लाई का टेंडर दिलाने संपर्क किया । यह काम 4.39 करोड़ का था। और यह कार्य सरकारी उपक्रम क्रेडा करता है। एक साल बाद भी काम नहीं मिला। सुशील ने कल सोमवार को रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर गुढ़ियारी विकास नगर निवासी चंद्रशेखर साहू आनलाइन ठगी में 5 लाख की धोखाधड़ी का शिकार हो गया। शिवम इंटरप्राइजेस के संचालक ने 5 से 10 अप्रैल के बीच वाट्सएप मेसेज कर अधिक लाभ कमाने का आफर देकर 5 लाख रू . आनलाइन ट्रांसफर कराया । चंद्रशेखर ने सोमवार को गुढ़ियारी थाने में धारा 420 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई।

## कांग्रेस सरकार के काम और योजनायें हमारा ब्रह्मास्त्र: मरकाम

**रायपुर, 25 अप्रैल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी। आने वाले चुनाव में कांग्रेस सरकार के काम और जनकल्याणकारी योजनायें कांग्रेस सरकार का ब्रह्मास्त्र होगी। भाजपा के पास कांग्रेस का मुकाबला करने के लिये कोई मुद्दा नहीं है। भाजपा हवाहवाई और काल्पनिक मुद्दों पर प्रदेश में राजनीति करना चाह रही जिसके कारण वह जनता से और दूर होते जा रही है। 2018 के विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाने के बाद कांग्रेस के प्रति जनता का भरोसा और बढ़ते गया, 5 उपचुनाव, नगरीय निकाय चुनाव, पंचायत चुनावों में जनता ने भाजपा को नकार दिया है। भाजपा कार्यकर्ताओं में हताशा है, कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि आने वाले चुनाव में कांग्रेस के पास बताने के लिये अपने सरकार के गौरवशाली जनहित के काम है। हमारी सरकार ने अपने जन घोषणा पत्र के 90 प्रतिशत वायदों को पूरा किया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा मुद्दविहीन है। इसके विपरीत कांग्रेस के पास अपनी सरकार के 4 सालों के काम की लंबी फेहरिस्त है। जनता, कांग्रेस सरकार बनाम भाजपा के 15 साल की तुलना कर रही है। भाजपा ने 2003 में आदिवासियों को 10 लीटर दूध वाली गाय देने का वायदा किया था।

## पवन साय ने की ग्रामीण भाजपा के कार्यों की समीक्षा

**रायपुर, 25 अप्रैल।** रायपुर ग्रामीण की जिला कार्य समिति की बैठक आयोजित की गई. क्षेत्रिय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, महामंत्री पवन साय ने ये बैठक ली. जिसमें अब तक हुए कामकाजों की समीक्षा की गई. साथ ही कार्यकर्ताओं से फीडबैक भी लिया गया. बैठक में ग्रामीण जिला के पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल रहे. बैठक को लेकर बीजेपी विधायक सौरभ सिंह ने कहा कि आगामी आंदोलन को लेकर दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं. वहीं बैठक में पीएम मोदी के 100वें मन की बात को 100 से ज्यादा पोलिंग बूथ पर पहुंचाने को लेकर रूपरेखा भी बनाई जा रही है। मंत्री शिव डहरिया के बयान पर विधायक सौरभ सिंह ने पलटवार करते हुए कहा कि इंडिपेंडेंट सर्वे बता रहे हैं कि कांग्रेस की सरकार नहीं बन रही है. उन्होंने कहा कि




कांग्रेस के खेमे में इस बात की खलबली है कि जितने भी इंडिपेंडेंट सर्वे हैं वो सर्वे क्लियर कट बता रहे हैं कि उनकी सरकार नहीं बन रही है. शिव डहरिया पहले यह तय करें कि अपने कितने विधायकों को टिकट देंगे और कितने विधायकों को टिकट नहीं देंगे? वहीं विधायक ने ये दावा किया कि बस्तर में पिछली बार से हमारा परफॉर्मेंस अच्छा रहेगा। सांसद सरोज पांडे के बयान को लेकर सौरभ सिंह ने कहा कि सरोज जी वरिष्ठ नेत्री हैं, उन्होंने अपनी बात रखी होगी. मुझे आभास हो गया है भविष्य में हमारी सरकार बनेगी. विधायक सौरभ सिंह ने कहा कि 51,000 बेरोजगारों ने फॉर्म भरे लेकिन सिर्फ 1700 ही शामिल हो पाए हैं. सरकार ने साढ़े 4 साल बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया. अब फॉर्म भरने की प्रक्रिया इतनी जटिल बना दी है कि आवेदक अपात्र हो जा रहे हैं. सरकार अपने जनघोषणा पत्र का वादा पूरा करे।




### छत्तीसगढ़िया वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ ने किया सीएम का सम्मान

**रायपुर 25 अप्रैल।** छत्तीसगढ़िया वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ संस्था के प्रतिनिधि मंडल द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को स्मृति चिन्ह (हमर व्यापारी हमर संगवारी), साल एवं श्रीफल भेट कर सम्मानित किया गया। संस्था द्वारा मुख्यमंत्री को विभिन्न योजनाओ के लिए धन्यवाद दिया गया। संस्था द्वारा मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि 10,000 से ज्यादा छत्तीसगढ़िया व्यापारी जुड़े हैं जो आपस में व्यापार को बढ़ावा दे रहे हैं। संस्था द्वारा सरकारी योजना, बैंक तथा अन्य कानून जो व्यापार में जरूरी है व्यापारियों को प्रशिक्षण द्वारा अवगत कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में अध्यक्ष शेखर वर्मा, महासचिव मनीष टिकरिहा, ललित साहू (कोषाध्यक्ष), दीपक टिकरिहा(सदस्य), सुरेश वर्मा(संरक्षक) मुलाकात में शामिल हुए।

## सेवा सुगंधम ने निर्धन कन्या का विवाह कराया

**रायपुर 25 अप्रैल।** सेवा सुगंधम संस्थान ने हिन्दू रीति रिवाज से. 22 अप्रैल को अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त में सुहेला ग्राम पंचायत के ग्राम केसली में यादव परिवार की निर्धन कन्या सौ का पुष्पा का सेवा सुगंधम सामाजिक जनकल्याण समिति ने पूरे हिन्दू विधान से विवाह संपन्न कराया। सेवा संस्थान के संस्थापक टिकेंद्र उपाध्याय ने बताया कि उनकी संस्था प्रतिवर्ष निर्धन गरीब कन्यायों का विवाह संपन्न कराती है। यह विवाह उनके द्वारा कराया गया सोलह वा विवाह है। इस विवाह में पूरा गांव जुट गया था। निर्धन यादव परिवार ने अश्रुपूरित नेत्रों से सेवा सुगंधम संस्थान के प्रति आभार प्रकट किया । टिकेंद्र उपाध्याय ने बताया कि केसली निवासी परदेसी यादव अत्यंत गरीब था व मजदूरी कर परिवार का किसी तरह भरण पोषण करता था। इसी बीच गांव के हीरालाल विश्वकर्मा ने समाज सेवी टिकेंद्र उपाध्याय से संपर्क कर इस गरीब परिवार की सहायता करने का आग्रह किया जिसे स्वीकार करते हुए अपने संगठन के सहयोग से पुष्पा का विवाह धूमधाम से सम्पन्न कराया। गांव के सैकड़ों लोगों ने विवाह में उपस्थित होकर गांव की बिटिया को बिदा किया।साथ ही कोरोना काल में सेवा देने वाली सभी मितानिनों को मेडल ब प्रसस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया । सेवा सुगंधम सेवा संस्था ने दहेज स्वरूप गृहस्थ जीवन की सभी आवश्यक व उपयोगी सामग्री पिता का फ़र्ज़ निभाते हुए दहेज के रूप में दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शंकर सोनी ने वर वधु को आशीर्वाद देते हुए कहा कि दो परिवारों



को जोड़ कर गरीब अनाथ असहाय परिवार की बेटियों के विवाह कराने जैसा पूण्य कार्य जो टिकेंद्र उपाध्याय कर रहे हैं वह अत्यंत ही अनुकरणीय है, मै उन्हें तथा उनकी पूरी टीम को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई देता हूँ। इस अवसर पर विशेष रूप से श्याम पुरोहित,शंकर सोनी,अमृत साहू,नवीन शेष,ललित तिवारी,सरिता ध्रुव उपस्थित थे। सेवा सुगंधम संस्था के आशीष भराडिया,भक्ति स्वरूप छिपा ,राजीव अग्रवाल,कान्हा अग्रवाल,अखिल मालपानी , मनीष शुक्ला, प्रेम प्रकाश , जितेंद्र वर्मा , नंदन सिंह ,आशीष शुक्ला , सनत सोनी , कृष्ण देव आनंद ,व आयुष्मान समिति का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन टिकेंद्र उपाध्याय ने किया।

## नए विजन को लेकर चेंबर प्रतिबद्धता से आगे बढ़ रहा: पारवानी

**रायपुर 25 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज दिनांक 24 अप्रेल 2023 को चेम्बर अध्यक्ष श्री अमर पारवानी के साथ आर्किटेक्ट मनीष पिल्लीवार, नया रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के पदाधिकारी एवं होलसेल कोरिडोर के लिए नियुक्त किये गए सलाहकारों के बीच प्रदेश में बनने वाले दक्षिण मध्य एशिया के सबसे बड़े होलसेल कोरिडोर कि परिकल्पना को मूर्त रूप प्रदान करने हेतु बैठक आहूत की गई जिसमे चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने चर्चा के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी द्वारा स्वीकृत इस महती योजना के स्वरूप और चेंबर के विजन की विस्तृत



जानकारी दी जिस पर नया रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के महाप्रबंधक श्री प्रेम पटेल ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए कहा कि इस परियोजना को तेजी से साकार करने हेतु आवश्यक कदम उठाए जायेंगे। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर परवानी ने नया रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के महाप्रबंधक श्री प्रेम पटेल जी के समक्ष प्रस्तावित नए होलसेल कॉरिडोर परिकल्पना का प्रस्तुतिकरण दिया और बताया कि प्रस्तावित होलसेल कॉरिडोर उपरोक्त अंतर्राष्ट्रीय बाजारों जैसा विशाल और व्यवस्थित होगा यह होलसेल कॉरिडोर स्वामी विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट, अटल नगर (नया रायपुर) रेलवे स्टेशन निर्माणाधीन तथा भारत माला सड़क परियोजना एवं एन एच 30 के समीप होगा जो भौगोलिक रूप से हमारी सीमा से लगे उड़ीसा, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और झारखंड की मांग की आपूर्ति कर सकेगा तथा प्रदेश के व्यापार को नई ऊंचाई, दिशा और गति देगा, साथ ही साथ संपूर्ण भारतवर्ष में छत्तीसगढ़ मॉडल के एक अनूठे और सबसे बड़े व्यवसाय क्षेत्र के रूप में जाना जाएगा। यह एक स्वकेंद्रित और सभी तरह के थोक व्यापार के लिए एक ही स्थान पर सर्वसुविधायुक्त परिसर होगा जो भविष्य में 50 से 100 वर्ष तक निर्बाध-निर्विघ्न व्यवस्था के अनुकूल होगा। यह कॉरिडोर सभी वस्तुओं की बिक्री हेतु उनकी आवश्यकता अनुसार सर्वोत्तम मूलभूत संरचनाओं के साथ उपलब्ध होगा, नए रोजगार के अवसरों के साथ - साथ 1.5 से 2 लाख लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का सृजन होगा, राज्य सरकार के सहयोग और व्यवसायियों की प्रतिबद्धता से क्षेत्र की ग्रामीण जनता का विकास और जीवन स्तर में भी बदलाव होगा। श्री पारवानी ने आगे कहा कि होलसेल कोरिडोर के निर्माण हेतु नवा रायपुर अटल नगर में लगभग एक हज़ार एकड़ भूमि का चिन्हांकन किया गया है साथ ही परियोजना के निर्माण प्रारंभ करने हेतु शासन द्वारा 5 करोड़ बजट का प्रावधान किया गया है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23